आई.एस.ओ. 9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ

हर पल रहें ताजा तरीन खबरों के साथ लॉगिन करें

WWW.yashbharat.co.in

• वर्ष- 15 अंक 299- • जबलपुर • रविवार, 5 दिसम्बर, 2021 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • शुक्ल पक्ष-1 • विक्रम संवत् 2078 शके 1935

## इंदौर में एनसीबी ने यात्री बस रोक कर पकड़ी एक किलो चरस

**इंदौर।** एनसीबी ने शनिवार देर रात ड्रग सप्लायरों पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक किलो चरस पकड़ी है। एनसीबी ने एक यात्री बस से दो तस्करों को गिरफ्तार भी किया है। आरोपितों ने एक महिला तस्कर का नाम बताया जो छोटे तस्करों को चरस, गांजा, स्मैक सप्लाय करती है। अफसर अभी आरोपितों से गोपनीय स्थान पर पूछताछ कर रहे है।

## फटाफट खबरें

### वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ का लोधी श्मशान घाट में होगा अंतिम संस्कार



**नई दिल्ली।** वरिष्ठ पत्रकार विनोद दुआ का शनिचार निधन हो गया। उनकी बेटी मल्लिका दुआ ने इंस्टाग्राम पर लिखा, हमारे निर्भीक और असाधारण पिता विनोद दुआ का निधन हो गया है। उन्होंने शानदार जिंदगी को जिया, दिल्ली की एक शरणार्थी कॉलोनी में पले-बढ़े और 42 साल तक पत्रकारिता की दुनिया में नाम कमाया, वह हमेशा सच की आवाज उठाते रहे। अब वह हमारी मां के साथ हैं, उनकी पत्नी चिन्ना स्वर्ग में हैं जहां वे गाएंगे, खाना बनाएंगे और एक साथ यात्रा करेंगे। उनका अंतिम संस्कार आज लोधी श्मशान घाट में होगा।

### मजबूत स्थिति में भारत, 451 रनों से है आगे

**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई टेस्ट में तीसरे दिन का खेल जारी है। टीम इंडिया का स्कोर दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 188 रन है और टीम की कुल बढ़त 451 रनों की हो गई है। शुभमन गिल 44 और विराट कोहली 29 रन बनाकर नाबाद हैं। इससे पहले टीम इंडिया को पहली पारी में 325 पर ऑलआउट करने के बाद न्यूजीलैंड मात्र 62 के स्कोर पर सिमट गई थी। **देखें पेज 7 भी**

### क्रिप्टोकरंसी को लेकर चल रही अटकलें 'ठीक बात' नहीं : सीतारमण

**नयी दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि क्रिप्टोकरंसी पर कई तरह की अटकलें चल रही हैं और ये अटकलें अच्छी बात नहीं हैं। सरकार द्वारा क्रिप्टोकरंसी के विनिमयन की तैयारियों के बीच उनका यह बयान आया है। सीतारमण ने एक कार्यक्रम में कहा कि अच्छी तरह से विचार-विमर्श के बाद तैयार किया गया विधेयक मंत्रिमंडल की मंजूरी के बाद निश्चित रूप से संसद में आने जा रहा है। एक सवाल के जवाब में वित्त मंत्री ने कहा,'बहुत सारी अटकलें चल रही हैं ... ये बिल्कुल ठीक बात नहीं हैं।' क्रिप्टोकरंसी एवं आधिकारिक डिजिटल मुद्रा का नियमन विधेयक, 2021 को लोकसभा के बुलेटिन-भाग दो में शामिल किया गया है।

### मिल गया मिराज का चोरी हुआ टायर

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में शहीद पथ पर चलती ट्रेलर से चोरी फाइटर जेट मिराज का टायर मिल गया है। शनिवार को लखनऊ के ही रहने वाले दो लोग खुद टायर लेकर बख्शी का तालाब एयरफोर्स स्टेशन पहुंचे और टायर वापस कर दिया। टायर लेकर पहुंचने वाले लोगों ने बताया कि उन्हें यह शहीद पथ पर सिनेपोलिस और सर्विस रोड के बीच मिला था, जिसे ट्रक का टायर समझकर वे अपने घर लेकर चले गए थे। बाद में न्यूज के माध्यम से जब इन्हें पता चला कि यह टायर मिराज जेट का है, तो वे उसे लेकर बीकेटी आ गए।लखनऊ पुलिस कमिश्नरेट ने शनिवार को यह जानकारी दी है। उन्होंने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया कि बीते 26 नवंबर को एक ट्रक बीकेटी एयरफोर्स स्टेशन से सामान लेकर जोधपुर जा रहा था। इसमें 5 फाइटर जेट के टायर भी थे। इनमें से एक टायर के चोरी होनी की सूचना मिली थी। शनिवार को विराम खंड के रहने वाले पेशे से ड्राइवर दीपराज और हिमांशु एक टायर लेकर बीकेटी स्टेशन पहुंचे थे।




शुभांक - 3-1-9

---

नगालैंड में हिंसा, ग्रामीणों को विद्रोही समझ लिया गया

# सुरक्षा बलों की फायरिंग में 13 लोगों की मौत



गुस्साए ग्रामीणों ने जवानों की गाड़ियां फूंकीं

**कोहिमा।** नगालैंड के मोन जिले में सुरक्षा बलों की फायरिंग में 13 लोगों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि इन लोगों के उग्रवादी संगठन हस्स्त्ह से जुड़े होने की आशंका के चलते सिक्योरिटी फोर्सेज ने फायरिंग की, जिसमें इन लोगों की मौत हुई।इस घटना के बाद इलाके में हिंसा फैल गई। सुरक्षाबलों और स्थानीय लोगों के बीच हिंसक झड़प भी हुई। जिसमें ग्रामीणों ने बलों की गाड़ियां फूंक डाली। असम राइफल्स के अधिकारियों ने बताया कि ऑपरेशन में सुरक्षाबलों को गंभीर चोटें आई हैं। इस दौरान एक सैनिक बेहद गंभीर रूप से घायल हो गया था, जिसकी मौत हो गई। इस घटना को लेकर गहरा खेद है।

### ग्रामीणों को विद्रोही समझ लिया गया

रिपोर्ट के मुताबिक एक गुप्त सूचना पर कार्रवाई के लिए सुरक्षा बल तिरु-ओटिंग रोड पर घात लगाकर तैनात थे। उसी दौरान उन्होंने गलती से ग्रामीणों को विद्रोही समझ लिया। दरअसल, इनपुट में जिस रंग की गाड़ी के बारे में बताया गया था, उसी रंग की गाड़ी वहां से गुजरी। जवानों ने गाड़ी को रोकने के लिए कहा, लेकिन वह नहीं रुकी। इसके बाद सिक्योरिटी फोर्सेज ने फायरिंग शुरू कर दी। बताया जा रहा है कि सभी पीड़ित मजदूर थे, जो काम के बाद एक पिकअप में सवार होकर अपने घर जा रहे थे। देर रात तक घर नहीं पहुंचने पर ग्रामीणों ने उन्हें ढूंढना शुरू किया और तब उन्हें इस घटना की जानकारी मिली।

### CM नीफियू बोले- हाई-लेवल SIT जांच होगी

नगालैंड के मुख्यमंत्री नीफियू रियो ने कहा कि मोन के ओटिंग में नागरिकों की हत्या की घटना बेहद निंदनीय है। इसकी हाई-लेवल SIT जांच कराई जाएगी। सभी को कानून के हिसाब से न्याय मिलेगा। उन्होंने सभी लोगों से शांति बनाए रखने की अपील की।

### अमित शाह बोले- दुर्भाग्यपूर्ण घटना से दुखी हूं

गृह मंत्री अमित शाह ने ट्वीट किया, नगालैंड के ओटिंग में हुई दुर्भाग्यपूर्ण घटना से दुखी हूं। मैं उन लोगों के परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना जाहिर करता हूं जिन्होंने अपनी जान गंवाई है। राज्य सरकार इसकी हाई-लेवल स्ह्र्ढ्ढञ्ज जांच कराएगी, ताकि पीड़ित परिवारों को न्याय मिल सके। नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नागालैंड एक नागा राष्ट्रवादी अलगाववादी समूह है जिसका उद्देश्य संप्रभु नागा राज्य नागालिम की स्थापना करना है।

---

# भारत-रूस करेंगे कई समझौतों पर हस्ताक्षर



रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन का आगमन कल

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच सोमवार को शिखर वार्ता में रक्षा, व्यापार और निवेश, ऊर्जा और तकनीक के अहम क्षेत्रों में सहयोग मजबूत करने के लिए कई समझौतों पर हस्ताक्षर करने की संभावना है। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी दी। शिखर वार्ता के साथ ही पहली 'टू प्लस टू' रक्षा और विदेश मंत्री स्तरीय वार्ता में दोनों पक्षों के अफगानिस्तान में स्थिति और लश्कर-ए-तैयबा तथा जैश-ए-मोहम्मद जैसे समूहों समेत आतंकवाद के बढ़ते खतरे पर भी बातचीत करने की संभावना है। ऐसा बताया जा रहा है कि शिखर वार्ता के बाद जारी होने वाले संयुक्त बयान में सीमा पार आतंकवाद और अफगान संकट के कारण सुरक्षा पर पड़ने वाले असर को लेकर भारत की चिंताओं को व्यक्त किया जा सकता है। पुतिन सोमवार को दिल्ली पहुंचेंगे जबकि रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव और रक्षा मंत्री सर्गेई शोयगू रविवार रात को पहुंच रहे हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी और राष्टपति पुतिन शाम साढ़े 5 बजे शिखर वार्ता शुरू करेंगे और रूसी नेता रात साढ़े 9 बजे दिल्ली से उड़ान भरेंगे।

---

सागर के एक गांव में हादसा

# खेत में बोरवेल के पास माचिस जलाते ही विस्फोट, 4 झुलसे



**सागर।** जिले के बंडा थाना अंतर्गत ग्राम कांटी में शनिवार देर शाम एक खेत मे पानी देने पहुंचे लोगो को बोरवेल के पास आग जलाना भारी पड़ गया। एक शख्?स ने जैसे ही आग जलाने के लिए माचिस सुलगाई, बोरवेल में लगी पानी की मशीन में ब्लास्ट हो गया और उसके कारण निकली आग की लपटों की चपेट में आकर चार लोग गंभीर रूप से झुलस गए। घटना के बाद घायलों को आसपास के ग्रामीणों की मदद से इलाज़ के लिए बंडा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया। इसके बाद सभी को बेहतर इलाज के लिए सागर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार ग्राम कांटी मे चार लोग कमल सिंह लोधी के खेत पर पानी देने गए हुए थे। तभी ठंड के कारण खेत के पास बने मकान के कमरे मे पहुंच। उन्होंने आग जलाने के लिए बोरवेल के पास ही लकड़ी में माचिस से आग लगाई। माचिस जलाते ही विस्फोट हो गया और सभी झुलस गए। हादसे के वक्त बोरवेल से खेतों में पानी की सप्लाई की जा रही थी। संभावत- उसमे से ज्वलनशील गैस के रिसाव के कारण आग भड़क गई और यह हादसा हो गया। गौरतलब है कि बंडा क्षेत्र के कई गांवों में बोरिंग के दौरान गैस रिसाव व आग लगने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इससे आए दिन हादसे होते हैं, लेकिन यह पहली बार हुआ कि लोगों ने खेत पर आग जलाने के लिए माचिस जलाई हो और आग लग गई हो।

---

हैरान कर देने वाली वारदात

# छुट्टी नहीं दी तो जवान ने की ताबड़तोड़ फायरिंग, दो जेसीओ की मौत

**अगरतला।** त्रिपुरा के सिपाहीजाला जिले में एक हैरान कर देने वाली वारदात सामने आई है। यहां के ओएनजीसी गैस कलेक्शन स्टेशन के निकट स्थित त्रिपुरा स्टेट राइफल्स (टीएसआर) के शिविर में ताबड़तोड़ फायरिंग हुई। इस दौरान एक जवान ने दो जेसीओ को गोली मारकर हत्या कर दी। उनमें से एक कंपनी कमांडर था।पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी की पहचान टीएसआर की पांचवीं बटालियन के राइफलमैन सुकांत दास (38) के तौर पर की गई है। दास ने अपने वरिष्ठ साथी सूबेदार मारका सिंह जमातिया (49) और नायब सूबेदार किरण जमातिया (37) को गोली मार दी। दोनों 5वीं बटालियन से जुड़े थे।अधिकारियों ने बताया कि सुकांत दास ने छुट्टी का आवेदन किया था। उसकी छुट्टियां मंजूर हो गई थीं इसके बावजूद उसे रिलीव नहीं किया जा रहा था। उसकी इस बात को लेकर वरिष्ठों के साथ बहस हुई।सिपाहीजाला के पुलिस अधीक्षक कृष्णेंदु चक्रवर्ती ने बताया कि बटालियन के अन्य सदस्य गोलियों की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे और सूबेदार तथा नायब सूबेदार को खून से लथपथ पाया। चक्रवर्ती ने बताया कि उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां सूबेदार को मृत घोषित कर दिया गया जबकि नायब सूबेदार ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

---

# देश की आधी आबादी को लग चुके दोनों डोज



**नई दिल्ली।** (ओमिक्रोन) के रूप में देश में कोरोना महामारी की तीसरी लहर की आशंका जताई जा रही है। इस बीच, केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने अहम जानकारी है कि भारत की 50 फीसदी पात्र आबादी को कोरोना वैक्सीन के दोनों डोज लग चुके हैं। देश में वैक्सीनेशन का आंकड़ा अब 1,27,61,83,065 से पार हो गया है। मनसुख मंडाविया ने इसे देश के लिए गर्व का विषय करार दिया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने आधिकारिक ट्विटर पर लिखा है कि हम होंगे कामयाब। जानकारों का कहना है कि Omicron से उन लोगों पर असर कम होगा, जिन्होंने वैक्सीन के दोनों डोज लिए हैं।

# भिंड में एसपी को डोली में बैठाकर विदा किया,आगे नाच रहे थे पुलिस अधिकारी



**भिंड।** भिंड एसपी की विदाई के एक वीडियो तेजी से इंटरनेट मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें शनिवार रात को जब लोगों ने सड़क पर बैंड बाजों की आवाज सुनी तो लगा कि शायद कोई बारात निकल रही है। लोग जिज्ञासावश देखने पहुंचे तो चकित रह गए। क्योंकि डोली में भिंड के पूर्व एसपी मनोज कुमार सिंह थे, आगे डांस करने वाले भी कोई बाराती नहीं बल्कि पुलिस अधिकारी थे। दरअसल गृह विभाग ने हाल ही में भिंड एसपी मनोज कुमार का सिंह का स्थानांतरण पुलिस मुख्यालय भोपाल कर दिया है। उनकी जगह शैलेंद्र सिंह चौहान को भिंड की कमान सौंपी गई है। शनिवार को शैलेंद्र सिंह ने भिंड पहुंचकर पदभार गृहण कर लिया है, वहीं मनोज कुमार सिंह भी रिलीव हो गए हैं। इसके बाद शाम को मातहत अधिकारियों ने एक निजी होटल में एसपी मनोज कुमार सिंह का विदाई समारोह आयोजित किया। समारोह के बाद सभी पुलिस अधिकारियों की मंशा थी कि वह पूरे सम्मान एवं धूमधाम के साथ अपने अधिकारी को विदा करना चाहते हैं, एसपी ने भी उनकी भावनाओं का सम्मान किया। इसके बाद एक फूलों से सजी हुई डोली मंगाई गई, जिसमें एसपी मनोज कुमार सिंह को बैठाया गया। पुलिस अधिकारियों ने कहार बनकर डोली उठाई।

---



# जावा द्वीप पर फटा सबसे ऊंचा ज्वालामुखी, अब तक 13 की मौत

**इंडोनेशिया।** इंडोनेशिया के जावा द्वीप पर सेमरू ज्वालामुखी फटने के कारण यहां मरने वालों की संख्या 13 पहुंच गई है। इसकी पुष्टि रविवार को एक टीवी चैनल के हवाले से की गई। वहीं इंडोनेशिया के आपदा प्रबंधन एजेंसी के प्रवक्ता अब्दुल मुहरी ने बताया कि मरने वाले 13 लोगों में से दो की पहचान कर ली गई है। इस प्राकृतिक आपदा में कई लोग घायल भी हुए हैं, जिसमें कई अस्पताल में भर्ती हैं। सरकार का कहना है कि ज्यादातर लोग ज्वालामुखी फटने के कारण जल गए हैं।

### सुबह आया था भूकंप

इंडोनेशिया के टोबेलो से 259 किमी की दूरी पर उत्तर दिशा की ओर आज सुबह भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। अमेरिका के जियोलॉजिकल सर्वे से मिली जानकारी के अनुसार, रिक्टर पैमाने पर इस भूकंप की तीव्रता 6.0 दर्ज की गई है। हालांकि, नुकसान की कोई सूचना नहीं है।

---

# 24 घंटे के में दी गई सजा

### पास्को एक्ट के तहत दुष्कर्मी को सजा

**अररिया।** देश की अदालतों में लंबित मुकदमों की सुनवाई के लिए महीनों से लेकर वर्षों तक इंतजार करना पड़ता है। तारीख पर तारीख जहां हमारी न्याय व्यवस्था की पहचान बन गई है वहीं बिहार की एक अदालत ने ऐसी मिशाल पेश की है जिसे सुनकर हर कोई दंग है। दरअसल, बिहार में अररिया जिले की एक अदालत ने कुछ दिन पहले दुष्कर्म के दोषी को एक दिन में फैसला सुनाकर पूरे देश के लिए मिसाल कायम कर दी। जिला अदालत ने पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मामले में सुनवाई करते हुए एक ही दिन में गवाही सुनने और बहस के बाद आरोपी को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुना दी है। अररिया के नरपतगंज थाने में इसी साल की 23 जुलाई को एक आठ साल की नाबालिग के साथ दुष्कर्म का केस दर्ज किया गया था। केस की इन्वेस्टिगेटिव ऑफिसर रीता कुमारी ने 30 वर्षीय दिलीप कुमार यादव नाम के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और 18 सितंबर को कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी। कोर्ट ने 20 सितंबर को उसी महीने में मामले में संज्ञान लिया। 24 सितंबर को आरोप पत्र गठित हुआ और फिर मामले में 4 अक्तूबर को सुनवाई हुई।

# अब दिल्ली में मिला ओमिक्रोन का मरीज



**नई दिल्ली ।** भारत में कोरोना वायरस के नए वैरिएंट ओमिक्रोन के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। ताजा मामला दिल्ली का है। इसके साथ ही देश में ओमिक्रोन के कुल मरीजों की संख्या 5 हो गई है। इससे पहले बेंगलुरू में दो, गुजरात के जामनगर में 1 और मुंबई में 1 मरीज की पुष्टि हो चुकी है। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सत्येंद्र जैन ने रविवार सुबह बताया कि दिल्ली में पहला ओमाइक्रोन केस मिला है। एलएनजेपी अस्पताल में भर्ती मरीज तंजानिया से लौटा था। दिल्ली में अब तक 17 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और ओमिक्रोन को लेकर इनकी जांच रिपोर्ट का इंतजार किया जा रहा है। भारत में ओमिक्रोन का पहला मामला कर्नाटक के बेंगलुरू में आया था। यहां एक मरीज दक्षिण अफ्रीका से लौटा है, वहीं दूसरे मरीज स्थानीय डॉक्टर है जिसकी कोई ट्रेवल हिस्ट्री नहीं है। वहीं शनिवार को गुजरात के स्वास्थ्य आयुक्त जय प्रकाश शिवहरे ने बताया कि जिम्बाब्वे से 28 नवंबर को गुजरात के जामनगर आए 72 साल के एक व्यक्ति को इस नए वैरिएंट से संक्रमित पाया गया है

# मप्र में तीन सौ किलोमीटर की दूरी तय करेंगी इलेक्ट्रिक बसें

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में प्रमुख नगरों के बीच सार्वजनिक परिवहन के रूप में इलेक्ट्रिक बसें चलाई जाएंगी। ये बसें दो से तीन सौ किमी का सफर तय करेंगी। यह घोषणा परिवहन मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी को बढ़ावा देने के लिए गोवा में आयोजित एक कार्यशाला में की। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक बसों के संचालन के लिए कार्ययोजना बनाई जा रही है। सरकार ई-वाहन की बैटरी रिचार्ज करने के लिए पहले चरण में भोपाल, इंदौर एवं जबलपुर में लगभग 250 ई-व्हीकल्स चार्जिंग स्टेशन बना रही है। इसके लिए नगरीय निकायों ने आइइआइएल और एनटीपीसी से अनुबंध कर लिया है। मंत्री ने बताया कि चार्जिंग स्टेशनों के स्थान का चयन और भूमि की उपलब्धता के संबंध में प्रक्रिया जारी है।चार्जिंग स्टेशन के लिए सरकार पेट्रोल पंप मालिकों से चर्चा की जा रही है। इसके लिए सरकार उन्हें लाइसेंस एवं तकनीकी सहायता देने पर विचार कर रही है। चार्जिंग स्टेशन पर बैटरी स्वैपिंग की सुविधा होगी।

# तालाब में मिले 3 बच्चों के शव



**शाजापुर।** शाजापुर जिले के कालापीपल थाना इलाके के भुरिया खजुरिया गांव में तालाब के अंदर तीन बच्चों के शव मिलने से गांव में शोक छा गया है। तीनों बच्चे अलग-अलग परिवारों के हैं, जो शनिवार से लापता थे। इनके नाम नैतिक पिता रामबाबू उम्र 9 वर्ष, अभिषेक पिता अमरसिंह बागरी उम्र 13 वर्ष, अभिषेक पिता आत्माराम उम्र 10 वर्ष हैं। पुलिस ने तीनों के शवों को बाहर निकाला और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। बच्चों के कपड़े और जूते-चप्पल तालाब की पाल पर पड़े मिले हैं। माना जा रहा है कि बच्चे तालाब में नहाने के लिए गए थे और पानी में डूब गए। हालांकि पुलिस मामले की जांच कर रही है, जिसके बाद ही घटना की वजह साफ हो पाएगी।

# उद्घाटन का नारियल पटका, तो टूट गई नई सड़क



**बिजनौर।** यूपी के बिजनौर में भ्रष्टाचार की अनोखी मिसाल सामने आई है। 1 करोड़ से ज्यादा की लागत से बनी नई सड़क का उद्घाटन करने पहुंची विधायक उस वक्त हैरान रह गई, जब उन्होंने शुभारंभ करने लिए सड़क पर नारियल पटका, तो नारियल के बजाए सड़क ही टूट गई। इस घटना से दुखी विधायक ने अपने समर्थकों के साथ सिंचाई विभाग के खिलाफ जमकर हंगामा किया और धरने पर बैठ गईं। बाद में मौके पर पहुंचा आला अधिकारियों ने जांच का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। पीडब्लूडी के अफसरों ने सड़क की सैम्पलिंग की है और सड़क के निर्माण क्वालिटी की जांच की जा रही है। भ्रष्टाचार की ये कहानी यूपी के बिजनौर जनपद की है। यहां हल्दौर के मुख्य चौराहे से नवादा तुल्ला गांव की ओर सिंचाई विभाग द्वारा एक करोड़ 16 लाख की लागत से 7 किलोमीटर लंबी सड़क बनाई जानी थी। 7 किलोमीटर के बजाय अभी 700 मीटर ही बन पाई थी कि विभाग ने इस सड़क का शुभारंभ कराने के लिए सदर विधायक सूची मौसम चौधरी को बुला लिया। सदर विधायक पूरे उत्साह के साथ अपने पति ऐश्वर्या मौसम चौधरी के साथ सड़क का उद्घाटन करने मौके पर पहुंच गई थी। विधिवत पूजा के बाद उन्हें सड़क पर फोड़ने के लिए नारियल दिया गया। जैसे ही विधायक ने नारियल को पटका, तो नारियल तो नहीं टूटा लेकिन उस जगह सड़क जरूर टूट गई और वहां की बजरी उखड़ कर इधर-उधर बिखर गई। इस बात पर विधायक नाराज हो गई और सड़क के मानक की जांच कराने की मांग को लेकर वहीं धरने पर बैठ गई। जिले के डीएम उमेश मिश्रा को फौरन इस घटना से अवगत कराया गया। इसके बाद डीएम ने विधायक की बात सुनने के बाद पीडब्ल्यूडी के नेतृत्व में एक टीम को मौके पर भेजा। मौके पर पहुंची टीम ने विधायक के सामने ही सड़क खोदकर उसके सैंपल ले लिए और उनको लैब में जांच के लिए भेजने की बात कही। इस घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए विधायक सूची मौसम चौधरी ने कहा कि इससे हमारी सरकार छवि खराब हो रही है और जांच के बाद इस मामले में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई भी सुनिश्चित की जाएगी।

## डीआईजी आरआरएस परिहार ने पद संभाला

# बेहतर कानून व्यवस्था व ट्रैफिक होगी प्राथमिकता

***जबलपुर। बेहतर कानून व्यवस्था और ट्रैफिक हमारी प्राथमिकता होगी। जबलपुर बेहतर पुलिसिंग के लिए पहले से जानी जाती है, बस इसे डायरेक्शन देने की जरूरत है। ये कहना है जबलपुर के नए डीआईजी आरआरएस परिहार का। बोले कि मैं जबलपुर में एसडीओपी के तौर पर सिहोरा में रह चुका हूं। मंडला में एसपी रहते हुए प्रमोशन पाया हूं। इस कारण इस क्षेत्र के तासीर को समझता हूं।**



डीआईजी परिहार ने 03 दिसंबर शुक्रवार को जबलपुर डीआईजी का पद संभाला। इस अवसर पर एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा, आरआई सौरव तिवारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। 1990 में वह बतौर डीएसपी पुलिस विभाग में अपनी सेवा शुरू की थी।

### *2006 में आईपीएस अवार्ड हुआ

31 वर्षों का लंबा अनुभव रखने वाले डीआईजी परिहार मूलतः रीवा के रहने वाले हैं। यहां पदस्थापना से पहले वह पुलिस मुख्यालय भोपाल में डीआईजी थे। 1998 में वह एसडीओपी के तौर पर सिहोरा में रह चुके हैं। 2006 में उन्हें आईपीएस अवार्ड हुआ। बतौर एसपी वे मंडला, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, आगर जिले में रह चुके हैं।

### 01 जनवरी 2021 को डीआईजी बने

01 जनवरी 2021 को वे डीआईजी पद पर प्रोन्नत हुए, तब वे मंडला में बतौर एसपी पदस्थ थे। डीआईजी परिहार ने कहा कि बेहतर कानून व्यवस्था और महानगर का स्वरूप ले रहे जबलपुर में बेहतर ट्रैफिक व्यवस्था को लागू करने पर फोकस करेंगे। भू-माफिया, नशे के सौदागर, और संगठित अपराध करने वालों पर नकेल कसेंगे।



## डॉ हर्ष सक्सेना मप्र-छग एसोसियेशन ऑफ न्यूरो साइंसिस्ट के अध्यक्ष, डॉ नागपाल सचिव

जबलपुर। मप्र-छग एसोसियेशन ऑफ न्यूरो साइंसिस्ट की जनरल बॉडी की मीटिंग शनिवार को होटल कृष्णा में आयोजित की गई जिसमें सर्व सम्मति से जबलपुर के ख्यातिलब्ध वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉ हर्ष सक्सेना को अगले सत्र के लिए संस्था का अध्यक्ष चुना गया। इसके साथ जबलपुर के ही डॉ तरूण नागपाल को सचिव पद पर मनोनीत किया गया। यह शहर के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### 10 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ

जबलपुर लोक राग समिति द्वारा 5 दिसंबर से 10 दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ बचपन स्कूल मैत्री नगर महाराजपुर में किया जा रहा है। जिसमें सभी आयु वर्ग के छात्र-छात्राएं एवं महिला, पुरुष भाग ले सकते हैं संस्था के अध्यक्ष संजय पांडे ने जानकारी दी की उपरोक्त कार्यशाला में विशेष विषय विशेषज्ञों द्वारा लोक नृत्य लोक संगीत गायन वादन एवं पाश्चात्य नृत्य का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। साथ ही समापन अवसर पर उपरोक्त विधाओं का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

# न्यूनतम तापमान में उछाल फिर मौसम कूल- कूल



**जवलपुर ।** पश्चिम विक्षोभ के असर खत्म होते ही मौसम पूरी तरह से साफ हो गया है। रविवार को सुबह से धुंध और कोहरा छाया रहा। सूरज परवान चढ़ा तो आसमान धीरे धीरे साफ होने लगा है। आज सुबह के तापमान में सामान्य से 3 डिसे की उछाल दर्ज की गई। फिर भी वातावरण में ठंड का अहसास बना रहा। सूरज की गुनगुनी धूप लोगों को भाती रही। मौसम विभाग की माने तो बंगाल की खाड़ी में एक अन्य चक्रवात बन रहा है इसके असर से आने वाले दो-तीनों में एक बार फिर हल्के बादल छा सकते हैं। फिलहाल बादल हटने के बाद दिन का अधिकतम तापमान बढ़ा रहा जबकि रात में मामूली गिरावट रही। तीन से चार किमी प्रतिघण्टे से बह रही उत्तर-पूर्वी हवा के कारण वातावरण में ठंडक घुलने लगी है। धूप की तपन कमजोर पड़ गई है। शनिवार का अधिकतम तापमान 26.7 हरा।जबकि रात का न्यूनतम तापमान फिर 14.6 डिग्री रहा तो 4 डिग्री ऊपर था। आज सुबह का न्यूनतम तापमान करीब 3 डिग्री बढ़कर 13.8 पर आ गया था। क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के प्रभारी अधिकारी बीजू जान जैकब के मुताबिक जबलपुर सहित संभाग के जिलों में मौसम शुष्क रहेगा। लेकिन दो-तीन बाद एक नए पश्चिम विक्षोभ के असर से कहीं-कहीं हल्के बादल छा सकते हैं।



## आदिवासी सपूत टांट्या मामा (भील) के शहादत दिवस पर पुष्पांजली एवं संगोष्ठी

जबलपुर। 4 दिसम्बर 1889 को खण्डवा के वीर योद्धा आदिवासी सपूत टांट्या मामा को जबलपुर में ही अंग्रेजी हुकुमत ने फाँसी दी थी। वे बहुत ही वीर साहसी आदिवासी थे। देश की आजादी के पहले के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी थे। टांट्या भील, बिरसा मुण्डा, राजा रघुनाथ शाह, शंकर शाह जैसे अनेकों आदिवासी वीर सपूतों ने ब्रिटिश शासन के खिलाफ विद्रोह का झंडा गाड़ दिया था। ब्रिटिश हुकुमत जिस तरह से हिन्दुस्तान में हिन्दुस्तानियों के साथ बर्बरता का व्यवहार कर रही थी उसके खिलाफ उन्होंने बारह साल तक ब्रिटिश शासन के खिलाफ सशस्त्र संघर्ष किया और विदेशी शान को उखाड़ फेंकने के अपने अदम्य साहस और जुनून के कारण जनता के लिए खुद को तैयार किया। राजनीतिक दलों और शिक्षित वर्ग ने ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए जोरदार आंदोलन चलाया। ऐसे ही वीर आदिवासी सपूत टांट्या मामा (भील) की शहादत दिवस पर एक विशेष कार्यक्रम पूर्व मंत्री कौशल्या गोंटिया के गृह निवास अशोक नगर में संपन्न हुआ। जिसमें महासंघ के समस्त पदाधिकारी अध्यक्ष रोशल लाल कोल, पूर्व अध्यक्ष श्री कुंजीलाल गोटिया, सह सचिव भैयालाल गोटिया, महासचिव जेठूलाल गोटिया, कोषाध्यक्ष मगन सिंह भूमिया, सुमित्रा गोटिया, जितेन्द्र गोटिया, शिवकुमार गोटिया, लल्लू गोटिया, बलवीर गोटिया, बाल्मिकी कोल, दिनेश यादव, इंदिरा पाठक तिवारी, कमलेश यादव, संगीता त्रिपाठी, इंजी. राजेश साहू, जितेन्द्र यादव, संजय शर्मा, बबलू यादव, राहुल गुप्ता, राजेश मिश्रा, राजेश साहू, विक्रम चौबे, गोलू तिवारी, राजेन्द्र पटेल, कमल पटेल, शिव गोंटिया, बाल्मिकी गोंटिया, जित्तु गोंटिया, रामजी कोल आदि सम्मिलित हुए।

### श्री मां बड़ी खेरमाई मंदिर में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ मंगल कलश शोभायात्रा से शुभारंभ

**जबलपुर ।** श्री मां बड़ी खेरमाई मंदिर में आज से 12 दिसंबर तक श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन किया गया है । कथा करणआनंद आश्रम वृंदावन के बाल व्यास पंडित अभिषेक चौबे महाराज श्रीमद् भागवत की मीमांसा करेंगे । आयोजन समिति की ओर से मुख्य यजमान जीत जांगड़े ने बताया कि शुभारंभ दिवस आज दोपहर में मंगल कलश शोभायात्रा निकाली जाएगी द्य कथा प्रतिदिन दोपहर 2ः00 बजे से शाम 6ः00 बजे तक होगी ।

## सेवानिवृत्त हुए शिक्षकों को नहीं मिल रहा भुगतान

जबलपुर। शिक्षा विभाग से सेवानिवृत्त होने के साथ शिक्षकों को विभाग पराया समझ लेता है। उन्हें सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाले देयकों को लेकर परेशान होना पड़ता है। परेशान शिक्षकों ने अब 7 दिसंबर को आंदोलन करने का निर्णय लिया है। राज्य शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष नरेन्द्र त्रिपाठी ने विभाग की इस नीति में सुधार की मांग करते हुए कहा कि जबलपुर जिले के ऐसे अनेक शिक्षक है जिन्हें सेवानिवृत्त होने या मृत होने पर आश्रित परिवार को एनपीएस योजना के तहत हुई कटौती की राशि का न तो अंश ही मिल रहा न नियमानुसार पेंशन। राज्य शिक्षक संघ जबलपुर ने इस संबंध में जिला शिक्षा अधिकारी को अल्टीमेटम दिया है।

# महाराजपुर ब्लॉक में निकली पदयात्रा में शामिल हुए हजारों लोग

## युवक कांग्रेस का आयोजन

जबलपुर। युवक कांग्रेस द्वारा पनागर विधानसभा के अंतर्गत नगर निगम जोन क्रमांक 15 (सुहागी) में नए जुड़े समस्त वार्डों की मूल भूत समस्याओं, और भ्रीस्टाचार को लेकर जन आक्रोश पदयात्रा निकाली जिसमे सैकड़ों की तादात में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे, कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला ग्रामीण के प्रभारी सुनील जैन जी, मध्य प्रदेश कांग्रेस के महासचिव सम्मति सैनी, जिला महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष संगीता सिंह, मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कांग्रेस नेता सम्मति सैनी ने अपने उद्बोधन में सुहागी जोन में जुड़े नए वार्ड, बिलपुरा, मड़ई, रिछाई, सुहागी, महाराजपुर, अमखेरा, करमेता, रैंगवा, कठोंदा, ओरिया, में मूल भूत समस्याएं जिनसे आमजन पूरी तरह से त्रस्त हो चुका है इन बातों को लेकर भाजपा शासन एवं उनके नक्शे पर चल रहे प्रशासन को जम कर लताड़ा, इसको देखकर उपस्थित कार्यकर्ताओं ने हाइवे पर जाम लगा दिया, और नारे बाजी की जिसको देखकर जोन प्रभारी को अतिपुलिस बल बुलाना पड़ा, कांग्रेस नेताओं ने उच्च अधिकारी को बुलाने की मांग की जिसके बाद प्रशासन को डिप्टी कमिश्नर अंजू सिंह को मौके पर बुलाना पड़ा, इसके बाद जाकर जनता का आक्रोश शांत हुआ एवं डिप्टी कमिश्नर ने अस्वासन दिया की 15 दिवस के अंदर आपकी मांगो को पूरा किया जाएगा।





## हनुमानटोरिया में सीताराम पाठ का भव्य समापन

### भण्डारे का प्रसाद ग्रहण करने जुडी हजारों मातृशक्तियां

जबलपुर। कांचघर हनुमान टोरिया में सवा महीने के सीताराम पाठ का शनिवार को भव्य समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, पूर्व कैबिनेट मंत्री अंचल सोनकर रहे। इस मौके पर विशाल भण्डारे का आयोजन भी किया गया जिसमें हजारों की संख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस मौके पर आयोजन समिति के अध्यक्ष सांई पिल्ले का कहना था कि कोरोना के चलते सामूहिक धार्मिक आयोजनों का सिलसिला रूका हुआ था, लेकिन कोरोना पर काबू होते ही यह धार्मिक आयोजनों की गतिविधियां एक बार फिर शुरू हो गयी जिसको लेकर लोगों के उत्तम स्वास्थ्य की कामना के लिये यह आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक पिल्ले, जगन्नाथ पिल्ले,उपेन्द्र त्रिपाठी क्रांति चौधरी, देवेन्द्र पाण्डे, सोनू धूपड, पारस चौधरी, अनिल रजक गंगा बेन राकेश चौधरी अशोक सोनी, अमित सोनी, संतोष तिवारी, रिषि तिवारी, रामचन्द्र रहेजा सहित बडी संख्या में मातृशक्ति का सहयोग रहा।

## विजन जबलपुर का स्थापना दिवस समारोह आज

जबलपुर। सीनियर सिटीजन एसोसियेशन विजन जबलपुर का 6वा स्थापना दिवस समारोह आज 5 दिसम्बर रविवार को संध्या 7 बजे शहीद स्मारक रंगमंच में आयोजित है। मुख्य अतिथि माननीय जस्टिज संजय द्विवेदी जी (म0प्र0 उच्च न्यायालय) विशिष्ट अतिथि महाधिवक्ता श्री प्रशांत सिंह (म.प्र. डॉ. कपिल देव मिश्र कुलपति रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर, श्री सिद्धार्थ बहुगुणा पुलिस अधीक्षक जबलपुर, श्री कर्मवीर शर्मा, जिलाध्यक्ष जबलपुर एवं अध्यक्षता श्री रविनन्दन सिंह, पूर्व लोक सभा सदस्य तथा महाधिवक्ता रहेंगें।संस्था के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह, सचिव सी.एस राजपूत एवं एम.एन सिंह ने सभी सदस्यों से समय पर उपस्थित होने की अपील की है।

# सरकारी स्कूल बने बारात घर

### अवैध कब्जों की भरमार अफसर अनजान

जबलपुर । जिला शिक्षा अधिकारी के निकम्मे पन के कारण सरकारी स्कूल बारात घर बने हुए है। स्कूल प्रांगण में शामियाना तने हुये है, केटरिंग का सामान कमरों में रखा है।अवैध कब्जा धारियों द्वारा पहले से ही स्कूलों की जमीने हड़पी जा चुकी है। स्कूलों के कमरों में , ग्राउंड, लेट्रिन,पीनी के पानी और नलों में शादी करने वालों ने बिना अनुमतियों के ही अवैध कब्जे कर रखे है। सरकार के स्पस्ट निर्देश है कि स्कूलों को बारात घर ना बनने दिया जावे। सरकारीआदेशों को अंगूठा दिखा कर जिला शिक्षा अधिकारी कोई रोक नही लगा रहे है। खुले आम सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग किआ जा रहा है। शादियों की बारातों के पश्चात गंदगी के कारण स्कूलों का संचालन भी परेशानी वाला हो रहा है। अवैध कब्जों के कारण स्कूलों की बाउंड्री वाल,गेट,कमरे पहले से ही खराब है, टेंटों के समान, पान गुटकों की दुकान और फुल्की चाट की दुकानों ने बच्चों को भारी परेसान कर रखा है। मन चलो की भरमार दुकानों में हमेशा बनी रहती है। जिस कारण छात्राओं को स्कूल जाने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा जिला अध्यक्ष अटल उपाध्याय, संजय गुजराल,रविकांत दहायत,अजय दुबे, नरेश शुक्ला, प्रसांत सोधिया,संतोष मिश्रा, योगेस चौधरी, राजेन्द्र तेकाम,विश्वदीप पटेरिया,मुकेश चतुर्वेदी, देव दोनेरिया, एस के बांदिल, धीरेंद्र सिंह,मुकेश मराकाम,प्रदीप पटेल,योगेन्द्र मिश्रा, मुकेश सिंह,गोविंद विल्थरे,मुन्ना यादव,नरेंद्र दुबे , पी एल गौतम,मनोज खन्ना, चंदू जाऊलकर,मंसूर वेग,ए के प्यासी ने सरकारी स्कूलों में हो रहे(

## इंटर डिस्ट्रिक्ट ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो चयन स्पर्धा शुरू

जबलपुर। इंटर डिस्ट्रिक्ट ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो चयन प्रतियोगिता आज श्री त्रिभुवनदास मालपाणी उ.मा.0 स्कूल मिलौनीगंज जबलपुर में शुरू हुई। उक्त जानकारी देते हुए जिला संघ के आबिद हुसैन खान ने उक्त चयन स्पर्धा में भोपाल इन्दौर, देवास, होशंगाबाद, नरसिंहपुर, विदिशा, शाजापुर, उज्जैन एवं जबलपुर जिले की टीम इत्यादि भाग ले रही है। उक्त प्रतियोगिता के चयनित जूडो खिलाड़ी आगामी माह में 8 से 12 जनवरी तक श्री गंगानगर (राजस्थान) में आयोजित राष्ट्रीय ब्लाइंड एण्ड पैरा जूडो चैम्पियनशिप में प्रदेश दल का प्रतिनिधित्व करेंगे। श्री खान ने बतायाकि यह चयन स्पर्धा तीनों वर्गों सब जूनियर व जूनियर बालक/ बालिका तथा सीनियर वर्ग महिला/पुरुष के विभिन्न भार समूह में आयोजित की जा रही है।



# एक अनाम योगी का महासंकल्प

### अखण्ड माँ नर्मदा सेवा यात्रा

जबलपुर। मां नर्मदा जल संरक्षण संवर्धन एवं प्रकृति के लिए सबसे बड़ी हंगर स्ट्राइक कर रहे समर्थ सद्गुरू श्री भैया जी सरकार की नर्मदा सेवा यात्रा का दूसरा चरण 1 दिसंबर से मां नर्मदा के नाभि कुंड नेमावर से प्रारंभ हुई विदित हो कि समर्थ सद्गुरू श्री भैया जी सरकार विगत 414 दिनों से मां नर्मदा एवं प्रकृति के लिए विश्व की सबसे बड़ी हंगर स्ट्राइक कर रहे इसी श्रंखला में उनका मां नर्मदा के दोनों तटों पर प्रतिमाह भ्रमण संवाद एवं जागरण प्रारंभ हुआ है जिसके तहत दूसरी नर्मदा सेवा यात्रा प्रारंभ हुई है

ग्राम कुसमानिया में समर्थ सद्गुरु श्री भैया जी सरकार ने यात्रा प्रारंभ की पूर्व संध्या पर नर्मदा सेवको से संवाद किया एवं जल ही जीवन है नदी नहीं तो सदी नही के संकल्प को लेकर जन जागरण किया। जिसके पश्चात खातेगांव ,नसरुल्लागंज सलकनपुर वाड़ी बरेली ,उदयपुरा बरमान होते हुए जबलपुर पहुंची जिसके पश्चात जबलपुर से आगे निकली।

## फिर महंगी होगी बिजली

जबलपुर, ।मप्र पावर मैनेजमेंट कंपनी ने साल 2022—23 के लिए बिजली की दर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार कर लिया है। प्रस्ताव को विगत 30 नवंबर को मप्र विद्युत नियामक आयोग के पास जमा कर दिया गया है। इस प्रस्ताव पर आयोग की तरफ से 14 दिसंबर को प्रारंभिक सुनवाई तय हुई है।पावर मैनेजमेंट कंपनी ने प्रस्ताव को लेकर अभी तक कोई खुलासा नहीं किया है। इस बार पूरी तरह से गोपनीय ढंग से प्रस्ताव आयोग में भेजा गया है। अधिकारी भी इस मामले में फिलहाल खामोश है। पावर मैनेजमेंट कंपनी के सीजीएम ट्रैरिफ फिरोज मैश्राम ने कहा कि आयोग की अनुमति के बिना प्रस्ताव की जानकारी नहीं दी जा सकती है। उन्होंने कहा कि आयोग की तरफ से ही प्रस्ताव सार्वजनिक किया जाएगा। जिस पर अपत्ति दर्ज होगी। इधर बिजली मामलों के जानकार एडवोकेट राजेंद्र अग्रवाल ने

## नियुक्ति दिनांक से सेवानिवृत्ति तक नहीं मिला प्रमोशन

# शिक्षकों की विडम्बना देखो एक ही पद से सेवा समाप्ति




जबलपुर। मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति का कहना है कि नियुक्ति दिनांक से लेकर सेवानिवृत्ति तक षिक्षा विभाग में कार्यरत षिक्षकों ने अपनी सेवा के 40-42 साल विभाग को दिये परंतु उन्हे इतने लम्बे समय तक सेवा देने के बावजूद शासन-प्रशासन और विभाग की उदासीनता के चलते किसी प्रकार का पदनाम या पदोन्नति नहीं दी गयी। यह शिक्षकों के साथ बड़ी ही विडम्बना रही है कि जिस पद पर नियुक्त हुए उसी पद से सेवानिवृत्त हो गये परंतु शासन के कानो में जूं तक नहीं रेंग रही कि इन्हे पदनाम-पदोन्नति दी जाए।संघ ने आगे बताया कि ये शिक्षक सरकार से कंधे से कंधा मिला कर हर कार्य को पूंर्ण ईमानदारी से करते है हर प्रकार की आपदा प्रबंधन ड्यूटि को बखूबी निभाते है परंतु इन्हे जो इनका अधिकार पदनाम-पदोन्नति का है वह अधिकार आज दिनांक तक नहीं मिल पाया जिससे इनमें रोष व्याप्त है। ये षिक्षक योग्यता में अव्वल है और इन्हे वेतनमान भी उच्च पद का मिल रहा है बावजूद इसके इन्हे पदनाम नहीं दिया जा रहा सिर्फ और सिर्फ समय-समय पर आष्वासन दिया जाता है, परन्तु किसी प्रकार का आदेष जारी नहीं किया जाता। जिससे षिक्षक अपने को ठगा सा महसूस कर रहे हैं। षिक्षक एक ही पद पर सेवानिवृत्त हो जाते है यह उनके लिए मान्सिक प्रताड़ना है और उन्हे हलाकान, परेशान करने की साजिश है जिसके तहत शिक्षक प्रताड़ित तो है ही साथ ही हर प्रकार से उमीद खोता जा रहा है, साथ ही आक्रोशित भी है कि आखिर इतने गंभीर मुद्दे पर सरकार द्वारा कोई निर्णय अभी तक क्यों नहीं लिया गया। संघ के प्रांताध्यक्ष- उदित भदौरिया, जिलाध्यक्ष- रॉबर्ट मार्टिन, जियाउर्रहीम, मीनूकांत शर्मा, स्टेनली नॉबर्ट, हेमन्त ठाकरे, दिनेष गौंड़, राकेष श्रीवास, योगेष ठाकरे, वीरेन्द्र श्रीवास, सुनील झारिया, उमेष ठाकुर, विनय रामजी, गुडविन चार्ल्स, अजय मिश्रा, एस.बी.रजक, एनोस विक्टर, दया राम बेलवंषी, महेन्द्र प्रधान, निलेष खरे, अनूप डाहट, अषोक परस्ते, राजू डहरिया, सुधीर पावेल, राजू डहरिया, सुधीर पावेल, रऊफ खान, गोपीषाह, शरीफअंसारी, गिरीषकांत मिश्रा, मतलूब अंसारी, चैतन्य कुशरे, त्रिलोक सिंह, समर सिंह ठाकुर, राजकुमार यादव, वसुमुद्दीन, रामकुमार कतिया, आषीष कोरी आदि ने मुख्य मंत्री महोद्य से मांग की है कि शिक्षकों को पदनाम-पदोन्नति दी जाए।




# नामांकन वक्त पर नहीं हुआ तो कैसे होंगी परीक्षाएं

## आरडीयू की सेमेस्टर परीक्षा

**जबलपुर, यशभारत ।** शिक्षा में हुए नए बदलाव के साथ ही अब नव प्रवेशित छात्रों के नामांकन का सिलसिला अभी शुरू नहीं हो पाया है जबकि दिसंबर में सेमेस्टर परीक्षा शुरू होनी है। यदि नामांकन वक्त पर नहीं हुआ तो परीक्षा करना मुश्किल होगा।

इसकी वजह से विद्यार्थियों को ब्योरा ही रानी दुर्गावती विश्ग्वविद्यालय प्रशासन के पास नहीं होगा। सत्र 2021-22 से उच्च शिक्षा विभाग ने नामांकन की व्यवस्था विश्वविद्यालय की बजाए कालेजों को सौंप दी है जिस वजह से ये समस्या आ रही है। दिसंबर से तय किया शेड्यूल रू उच्च शिक्षा विभाग ने कोरोना संक्रमण के चलते पिछ?ते शिक्षण सत्र को लेकर 16 दिसंबर से परीक्षाएं कराने का निर्णय लिया है। इस संबंध में सभी विश्वविद्यालयों को भी आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। कॉलेजों में स्नातक स्तर पर नव प्रवेशित हुए छात्रों के साथ ही स्नातकोत्तर प्रथम सेमेस्टर के छात्रों का नामांकन कराना होगा। लेकिन जिले में अब तक कॉलेजों ने अभी तक प्रक्रिया शुरू नहीं की है। ऐसे में स्नातकोत्तर प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा शुरू होनी है। नामांकन नहीं होने की वजह से प्रशासन परीक्षा कार्यक्रम तय नहीं कर पा रहा है। जानकारों के अनुसार स्नातक स्तर पर जिले में करीब 55 हजार छात्रों के प्रवेश लेने का अनुमान है। चूंकि प्रवेश प्रक्रिया 30 नंवबर तक चली है ऐसे में छात्रों की संख्या के बढ़ने का भी अनुमान

### 55 हजार छात्र कॉलेजों में

लगाया गया है। पीजी फर्स्ट्घ्ट सेम के करीब 10 हजार छात्र बताए जाते हैं। इन छात्रों का इनरोलमेंट कराने की जवाबदारी कॉलेजों पर डाली गई है इसी के आधार पर ही संबंधित छात्र का रिकार्ड विश्वविद्यालय में दर्ज होगा। हालांकि डीइटी के माध्यम से एमबीए में प्रवेश लेने वाले एवं एनसीटी के माध्यम से आने वाले छात्रों का इनरोलमेंट पूर्व की तरह होगा।

# फारेंसिक विभाग 6 डॉक्टर जरूरत 10 की

## नेताजी सुभाषचंद्र मेडिकल कॉलेज में कैसे होगा रात का पीएम

**जबलपुर यशभारत।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कालेज अस्पताल में रात्रिकालीन पोस्टमार्टम के सरकारी इरादे पर पानी फिर सकता है। इसकी वजह डाक्टरों व कर्मचारियों की कमी बताई जा रही है। पोस्टमार्टम की व्यवस्था के लिए जिम्मेदार फारेंसिक विभाग में विभागाध्यक्ष समेत सिर्फ छह डाक्टर हैं। पोस्टमार्टम कक्ष में काम करने वाले कर्मचारियों की संख्या भी सिर्फ पांच रह गई है। इस दशा में पोस्टमार्टम कक्ष का ताला 24 घंटे खुला रखना संभव नहीं हो पा रहा है। हालांकि केंद्र सरकार के इस फैसले के बाद मेडिकल में रात्रिकालीन पोस्टमार्टम की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। पोस्टमार्टम कक्ष में रोशनी के बेहतर इंतजाम किए जा रहे हैं। आपरेशन थिएटर में उपयोग होने वाले बल्ब को पोस्टमार्टम कक्ष के लिए बेहतर बताया जा रहा है।

### तीन दिन कैजुअल्टी आफीसर पीएम करते हैं

मेडिकल के पोस्टमार्टम कक्ष में सुबह 10 से शाम पांच बजे तक एक डाक्टर की ड्यूटी लगाई जाती है। सप्ताह में तीन दिन मेडिकल कालेज अस्पताल के कैजुअल्टी मेडिकल आफीसर (सीएमओ) पोस्टमार्टम करते हैं। सप्ताह के अन्य चार दिनों में फारेंसिक विभाग के डाक्टर सेवाएं देते हैं। आकस्मिक परिस्थिति में रात्रिकालीन पोस्टमार्टम के लिए फारेंसिक विभागध्यक्ष को स्वयं मेडिकल पहुंचना पता है। औसत रोजना 10 शवों का पोस्टमार्टम दिन में किया जाता है। ऐसे भी हालात सामने आते हैं जब पोस्टमार्टम के लिए मृतक के स्वजन को एक दिन का इंतजार करना पता है।




### कर्मचारियों की कमी से जूझ रहा है मेडिकल अस्पताल

### विक्टोरिया में सालों से पीएम प्रक्रिया बंद

जिला अस्पताल विक्टोरिया समेत तमाम सामुदायिक व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों से शवों को पोस्टमार्टम के लिए मेडिकल भेजा जाता है। जिसके चलते पोस्टमार्टम विभाग में कार्य की अधिकता रहती है। विक्टोरिया में वर्षों से पोस्टमार्टम प्रक्रिया बंद है। ग्रामीण क्षेत्रों में चिकित्सकों की कमी सामने आती है। वहीं तमाम ऐसे मामले सामने आते हैं जब मेडिकल से शव का पोस्टमार्टम कराने पर जोर दिया जाता है। ऐसे हालात में मौजूदा स्टाफ के भरोसे 24 घंटे पोस्टमार्टम संभव नहीं हो पा रहा है।

### 10 अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग करेगा मेडिकल

24 घंटे पोस्टमार्टम संभव हो इसके लिए मेडिकल प्रशासन सरकार से डाक्टर व कर्मचारियों की मांग करने की तैयारी में है। फारेंसिक विभाग के लिए कम से कम छह डाक्टर और पोस्टमार्टम कक्ष के लिए 10 अतिरिक्त कर्मचारियों की मांग की जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम की नई व्यवस्था सरकार का बेहतर कदम है।

### 24 घंटे होगा पोस्टमार्टम

केंद्र सरकार ने अंग्रेजों के जमाने से चली आ रही पोस्टमार्टम की व्यवस्था में बदलाव किया है। अब सूर्योदय से सूर्यास्त तक नहीं बल्कि 24 घंटे पोस्टमार्टम हो सकेंगे। अंगदान को बढ़ावा देने के लिए सरकार ने यह कदम उठाया है। हालांकि हत्या, आत्महत्या, दुष्कर्म, क्षत विक्षत शव, संदिग्ध परिस्थिति में मौत के मामलों में नए आदेश लागू नहीं होंगे। परंतु कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने पर उक्त पोस्टमार्टम भी रात में हो सकेंगे। बताया जाता है कि जिले में गत वर्ष सिटी हास्पिटल में मृत देह से अंग निकालकर उसके प्रत्यारोपण का आपरेशन किया गया था। मेडिकल के चिकित्सकों ने उसी अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया था।

## स्वच्छता पर ऐसे तो नहीं सुधरेगी रैंक

# करोड़ों के कूड़ादान निकले साधारण जिम्मेदार नहीं उठा पाए जिम्मेदारी


फाईल फोटो

**जबलपुर, यशभारत।** पिछले करीब पांच वर्षों से चल रहे स्वच्छता सर्वेक्षण में जबलपुर आज तक टाप-10 में जगह नहीं बना पाया। जबकि इंदौर पांच वर्षों से पहले पायदान बना हुआ है। क्योंकि शहर के हाल ये है कि जिन जिम्मेदारों के कंधों पर स्वच्छ सर्वेक्षण की जिम्मेदारी है वे खुद ही स्वच्छ सर्वेक्षण को पलीता लगा रहे हैं। जिसके चलते शहर आज तक स्वच्छता के शिखर पर नहीं पहुंच पा रहा।

**साल 2018 में शहर के 25 स्थानों पर सोलर डस्टबिन रखवाए गए थे**

इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कचरा संग्रहण के नाम पर नगर निगम और स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने वर्ष 2018 में करीब 25 स्थानों पर सोलर डस्टबिन रखवाए गए। 25 स्थानों पर बाद में रखवाए जाने की योजना थी। एक डस्टबिन की खरीदी करीब दो लाख रुपये में की गई। यानी एक करोड़ रुपये सोलर डस्टबिन के नाम पर खर्च कर दिए गए। दावा किया गया कि इस डस्टबिन में डाला गया गीला, सूखा कचरा सूरज की रोशन से स्वत: प्रोसेस होगा, इसमें मोबाइल चार्जिंग और वाई-फाई की सुविधा भी रहेगी। लेकिन ये डस्टबिन साधारण कू?दान निकला। बहरहाल सोलर डस्टबिन के नाम पर किए भ्रष्टाचार का मामला अब कोर्ट तक पहुंच गया है। इसी तरह अन्य डस्टबिन के नाम पर पिछले पांच वर्षों में करीब 10 करोड़ रुपये फूंक दिए गए लेकिन सफाई व्यवस्था में आज तक सुधार नहीं आया। डस्टबिन के नाम किए फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद भी इन्हें नहीं हटाया गया है। तैय्यब अली चैक, स्टेशन रोड, नेपियर टाउन, राइट टाउन, होमसाइंस कालेज रोड सहित अन्य प्रमुख स्थानों पर सोलर बनाम साधारण डस्टबिन अब भी रखे हुए है। जो जिम्मेदारों को मुंह चिढ़ा रहे हैं। जबकि सोलर डस्टबिन के नाम पर किया गया फर्जीवाड़ा उजागर होने के बाद तत्कालीन प्रमुख सचिव संजय दुबे ने इन्हें हटाने के निर्देश दिए थे।

# स्टार्टअप बिजनेस खड़ा करने किराए पर लैब दे रही यूनिर्वसिटी

## एक छात्रा ने लैब से शुरू किया काम

जबलपुर, यशभारत। रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए होनहारों को मामूली दाम में संसाधन मुहैया कराएगी। इससे ज्यादा युवाओं को अपना व्यापार खड़ा करने में मदद होगी, वहीं यूनिवर्सिटी को भी अतिरिक्त आय मिलेगी। शुरुआत बायोटेक्नोलाजी इनक्यूबेटर सेंटर से की गई है। जहां एक छात्रा ने रोग प्रतिरोधक क्षमता वाले पेय बनाने का काम शुरु किया है। दावा है कि इसके सेवन केंसर की बीमारी से ल?ने में सहायक है।

100 से हजार रुपये तक किराया

स्टार्टअप के तहत इस योजना में उन प्रतिभागियों को मौका मिलता है जिनके आइडिया अनोखे और भविष्य की जरुरत के हिसाब से होते हैं। रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी में नोडल आफिसर इनक्यूवेशन सेंटर प्रो. एसएस संधु ने बताया कि विभिन्न प्रदेश स्तरीय स्पर्धा में जिन प्रतिभागियो के आइडिया में श्रेष्ठ चुना जाता है उनके लिए यह अवसर दिया जा रहा है। पछले दिनों बायोसाइंस विभाग की आकृति द्विवेदी के आइडिया को सरकार से मदद भी मिली है। इसलिए उसे इनक्यूवेशन सेंटर में सहयोग दिया जा रहा है। इसके तहत डिजाइन इनोवेशन सेंटर में विभिन्न जांच उपकरण है। इसमें 100 रुपये से एक हजार रुपये अधिकतम जांच के लिए शुल्क तय किया गया है। प्रो.संधु ने बताया कि आईआईटी में भी इस तरह स्टार्टअप के तहत उपकरण उपयोग के लिए दिए जाते हैं। उनके अनुसार यदि बायोटेक्नोलाजी इनक्यूवेटर में सफलता मिलती है।

## बिजली कंपनी लगाएगी स्मार्ट मीटर

# रीडिंग नहीं होगी गड़बड़, घरेलू उपभोक्ता के घर लगेंगे स्मार्ट मीटर

**जबलपुर यशभारत।** बिजली के बिलों में मीटर की रीडिंग में ग?ब?ी एक ब?ी समस्या होती है। आए दिन उपभोक्ता को बिना मीटर रीडिंग वाला बिल आने की शिकायत होती है। इन समस्या से अगले 6 माह में निजात मिलने की उम्मीद है। बिजली कंपनी अब स्मार्ट मीटर लगा रही है। पूर्व क्षेत्र कंपनी के 43 लाख उपभोक्ता में पहले चरण में 9.5 लाख उपभोक्ता के लिए मीटर खरीदी की है। इसके लिए निविदा जारी हो चुकी है। सबसे पहले उन इलाकों में मीटर बदले जाएंगे जहां ज्यादा बिजली चोरी की शिकायत आती है। ताकि कंपनी हर पल उनकी मीटर रीडिंग पर नजर रख पाए।




### क्या है स्मार्ट मीटर

स्मार्ट मीटर में मीटर की रीडिंग का डाटा कंपनी के सर्वर पर रहेगा। हर पल की अपडेट उसके पास होगी। मीटर में लोड ब?ने से घटने तक की जानकारी भी स्वचलित रूप से कंपनी के पास आएगी। जब भी समय पर बिल नहीं भुगतान होने पर कंपनी प्रबंधन उपभोक्ता की बिजली सप्लाई दफ्तर में बैठकर ही बंद कर पाएंगी। इससे कर्मचारियों को बेवजह फील्ड पर जाकर परेशान नहीं होगा। शक्तिभवन मुख्यालय में स्मार्ट मीटर का डेटा सेंटर बनाया जा रहा है।

### 10 किलोवाट से ज्यादा के कनेक्शन में स्मार्ट मीटर

पहले चरण में गैर घरेलू और औद्योगिक उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए गए हैं। फिलहाल 10 किलोवाट से अधिक के उपभोक्ताओं को बिजली कंपनी चिन्हित कर उनके परिसर में स्मार्ट मीटर लगाए गए है।

## चरगवां की घटना

# पिता ने मिट्टी तेल डालकर लगा ली आग

### मानसिक रूप से दिव्यांग था मृतक

**जबलपुर यशभारत।** चरगवां के ग्राम बरगई में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। यहां एक मानसिक दिव्यांग अधेड़ ने मिट्टी का तेल डालकर स्वयं को आग के हवाले कर दिया। जिस समय यह घटना हुई बेटा भेड़ाघाट में मूर्ति बेंचने गया था तो वहीं माँ किसी काम से घर से बाहर गयी थी। जब बेटे ने दहलान में पड़े अपने पिता को जिंदा जलते हुए देखा तो चीख पड़ा। जिसके बाद परिजनों और मोहल्ले वालों ने किसी प्रकार ढांढस बंधाया । पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार ग्राम बरगई में आग से जलने से एक व्यक्ति की मृत्यु होने की सूचना पर ग्राम बरगई पहुंची पुलिस को सौरभ चड़ार 19 वर्ष निवासी ग्राम बरगई चरगवां ने बताया कि वह मूर्ति बनाने का काम करता है । जब भेड़ाघाट में मूर्ति बेचने गया था, मां श्रीमती आशा बाई एवं पिता शत्रुघन चड़ार घर पर थे। पीड़ित ने बताया कि उसके पिता का मानसिंक संतुलन ठीक नहीं है कुछ भी करने लगते हैं, कभी हंसिया उठाकर गर्दन में घिसने लगते थे, फांसी लगाने के लिये रस्सी बांध लेते थे। जिसके बाद पूरा परिवार उनको नजरों के सामने ही रखता था। लेकिन शनिवार को मां आशा बाई सामान खरीदने गईं थी, कमरे में कुप्पी में मिट्टी तेल रखा था।

# आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में योग मण्डल विधान

जबलपुर। श्री आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर ड्योढिया जी मिलौनीगंज मे आचार्य श्री विद्धया सागर जी महाराज के आशीर्वाद से संजीव भैया सौरभ भैया कटंगी नवीनभैया जबलपुर के सानिध्य में याग मंडल विधान का आयोजन 5 दिसंबर घट यात्रा प्रात: 8 बजे 6दिसंबर अभिषेक पूजन 7दिसम्बर याग मंडल विधान 8 दिसंबर अभिषेक पूजन और हवन का कार्यक्रम किया जा रहा है अध्यक्ष राजकुमार जी ड्योढिया समस्त एवं सकल मिलौनीगंज समाज द्वारा समस्त जैन समाज से उपस्थिति का आग्रह किया है।

# पीडियोट्रिक सर्जरी की जबलपुर मेडिकल में होगी पढ़ाई : शासन से मिली मंजूरी

जबलपुर, यशभारत। जबलपुर नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में अगले सत्र से पीडियाट्रिक सर्जरी सुपर स्पेशलिटी की प?ाई होगी। शासन ने इसकी स्वीकृति दे दी है। यूनिवर्सिटी ने भी संबद्धता संबंधी जांच पूरी करते हुए हरी झंडी दे दी है। दो सीटों की मंजूरी मिलने के बाद कॉलेज में सुपर स्पेशलिटी कोर्स की सीटों की संख्या चार हो जाएगी।

नेताजी सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में अभी न्यूरो सर्जरी एमसीएच की दो सीटों की मान्यता है। कॉलेज ने सत्र 2022-23 के लिए पीडियाट्रिक सर्जरी सुपर स्पेशलिटी कोर्स की मान्यता संबंधी सभी औपराचिरकताओं को पूरा कर लिया है।जबलपुर मेडिकल कॉलेज ने मान्यता संबंधी सभी औपचारिकता पूरी कर ली है। नए कोर्स के लिए शासन स्तर पर चिकित्सा शिक्षा विभाग की स्वीकृति मिल गई है। इसके बाद मप्र आयुर्विज्ञान यूनविर्सिटी को संबंद्धता संबंधी आवेदन को जांच के बाद हरी झंडी मिल गई। अब नेशनल मेडिकल कमीशन के समक्ष सीटों की मान्यता संबंधी औपचारिकता की जांच के लिए आवेदन किया है।

# रमन शेखर ने साधा पदक पर निशाना

**जबलपुर।** गन फॉर ग्लोरी शूटिंग अकादमी जबलपुर के राइफल शूटर रमन शेखर दुबे ने 64वीं नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप में 50 मीटर मेन राइफल प्रोन, सिविलियन केटेगरी में 621.1 का स्कोर अर्जित करते हुए रजत पदक जीता। उन्होंने इसी वर्ष जनवरी में इंदौर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 585 का स्कोर अर्जित कर स्वर्ण पदक जीता था। नेशनल शूटिंग चैम्पियशिप में अपने स्कोर के आधार पर रमन ने वर्ष 2022 में होने वाली इंडियन टीम सिलेक्शन ट्रायल्स के लिए क्वालीफाई किया है।



# शनिवार को दस हजार व्यक्तियों को लगाई गई कोरोना की वैक्सीन

जबलपुर। कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने कलेक्टर कर्मवीर शर्मा के निर्देश पर जिले में चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत आज शनिवार को 10 हजार 094 पात्र व्यक्तियों को कोरोना का टीका लगाया गया। जिला टीकाकरण अधिकारी के अनुसार शनिवार को लगइ गई वैक्सीन की 10 हजार 094 व्यक्तियों को लगाई गई वैक्सीन को मिलाकर जबलपुर जिले में अभी तक 36 लाख 35 हजार 881 डोज लगाई जा चुकी है। इसमें पहली डोज लगवाने वालों की संख्या 19 लाख 56 हजार 282 और वैक्सीन की दोनों डोज लगवा चुके व्यक्तियों की संख्या 16 लाख 79 हजार 599 है। जिला टीकाकरण अधिकारी के अनुसार कोरोना वैक्सीन की दूसरी डोज लगाने चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत शनिवार को जबलपुर शहर में 57 और जिले के ग्रामीण क्षेत्र में 215 वैक्सीनेशन सेंटर स्थापित किये गये थे।

# गीता जयंती पर डा.गुमाश्ता की THE ETERNAL GEETS OF BHAGAVAD GITA ( HAIKU GITA) गीता का विमोचन

जबलपुर। आज ब्रह्मर्षि मिशन समिति के द्वारा गीता जयंती का आयोजन मानस भवन राइट टाउन में संध्या 5बजेसे आयोजित हो रहा है। चेयरमैन साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने बताया कि इस आयोजन मे शहर के अस्थिरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश गुमाश्ता द्वारा लिखित बहुप्रतीक्षित पुस्तक THE ETERNAL GEETS OF BHAGAVAD GITA ( HAIKU GITA) का विमोचन होगा। इस गीता में 26 सौ से अधिक विश्लेषण हाइकू है. उन्होंने बताया के लोकार्पण होने वाले इस ग्रंथ का आध्यात्मिक साहित्यिक दृष्टि से बहुत महत्व है एवं आज की युवा पीढ़ी के लिए यह बहुत ही उपयोगी है.कार्यक्रम में बाबा कल्याण दास जी स्वामी गिरिशानंद जी विशेष रुप से उपस्थित होंगे. कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व मंत्री तरुण भनोट करेंगे एवं मुख्य वक्ता के रूप में ओ पी श्रीवास्तव आईएएस, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलपति कपिल देव मिश्रा उपस्थित होंगे. पूर्व मंत्री अजय विश्नोई संजय शर्मा विधायक एवं पत्रकार संजय सिन्हा विशेष आमंत्रित अतिथि हैंइस ग्रंथ के लोकार्पण के अलावा श्रीमती वीणा तिवारी श्रीमती गीता पांडे का भी सम्मान किया जाएगा. शहर के विभिन्न संस्थाओं ने इस आयोजन पर अपना साधुवाद एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं. कार्यक्रम में उपस्थिति की अपील साध्वी मैत्री दीदी नरेश ग्रोवर रवि बाजपेई एडवोकेट रवि रंजन अशोक मनुध्याय डॉ एसएस ग्रोवर गुलशन मखीजा ने की हैका विमोचन होगा।

# मंहगाई के विरोध में हल्ला बोलेगी कांग्रेस

जबलपुर। शहर कांग्रेस अध्यक्ष दिनेश यादव की अध्यक्षता में हुई नगर कांग्रेस की बैठक में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। इसी के तहत संगठन के होने वाले चुनाव सदस्यता अभियान, ब्लॉकों में जन जागरण, जयपुर राजस्थान में होने वाली रैली, ग्वारीघाट जमतरा ब्रिज एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारीयों को टाउन हॉल में कमरा ना दिए जाने वाले विषयों पर विस्तार से विचार विमर्श किया गया ।प्रदेश कांग्रेस से प्राप्त परिपत्रों की जानकारी दी गई 12 दिसंबर को अखिल भारतीय कांग्रेस अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी राहुल गांधी के नेतृत्व में जयपुर राजस्थान में बढ़ती महंगाई, गिरती अर्थव्यवस्था वे हताशा बेरोजगारी , किसान मजदूरों की पीड़ा, दलित आदिवासी पिछड़े अल्पसंख्यकों के दमन जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों को लेकर की जा रही रैली में अधिक से अधिक संख्या में जबलपुर से पहुंचने का निर्णय लिया गया ।वर्तमान से 31 मार्च तक सदस्यता अभियान के तहत हर वर्ग के लोगों को संगठन की सदस्यता दिलाने और सदस्यता पश्चात जुलाई-अगस्त सितंबर के माह में बूथ स्तर से ब्लॉक प्रदेश के साथ अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के चुनाव संपन्न होने की जानकारी से अवगत करवाया।

13 ब्लॉकों में जन जागरण अभियान



शहर के 13 ब्लॉकों में महंगाई बेरोजगारी और जनता की समस्याओं को लेकर जन जागरण अभियान का प्रोग्राम तय किया गया क्रमश: ब्लॉकों में 8 दिसंबर को कस्तूरबा ब्लॉक, जवाहरलाल नेहरू ब्लॉक, रांझी ब्लॉक , जाकिर हुसैन ब्लॉक। 9 दिसंबर को कमला नेहरू ब्लॉक, इंदिरा गांधी ब्लॉक, कैंट ब्लॉक , राधाकृष्णन ब्लॉक,। 10 दिसंबर को कमला नेहरू ब्लॉक, शंकर शाह ब्लॉक, अधारताल गोकलपुर ब्लॉक, मोतीलाल नेहरू ब्लॉक और 11 दिसंबर को मदन महल ब्लॉक में जन जागरण किए जाने का निर्णय लिया गया।

प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार ब्लॉकों का रिपोर्ट कार्ड बनाए जाने की जवाबदारी जिला कांग्रेस कमेटी को दी गई। जबलपुर लोकसभा क्षेत्र में 10 नाम प्रशिक्षण के लिए चयन किए जाएंगे जिसमें शहर ग्रामीण कांग्रेस कमेटी तय करेगी । टाउन हॉल में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को एक कमरा प्राप्त था जिसे प्रशासन ने सुधार के समय यह कहकर खाली करा लिया था कि पुन: वापस कर देंगे पर अभी तक उन्हें कमरा ना दिए जाने पर सोमवार को कलेक्टर से शहर कांग्रेस चर्चा करेगी।

बैठक में सेवादल अध्यक्ष सतीश तिवारी वरिष्ठ नेता झल्ले लाल जैन ब्लॉक अध्यक्ष शिव कुमार चौबे शेखर सोनी मुकेश राठौर रामदास यादव नरेंद्र पांधे, चमन पासी आजम खान राजू लाइक विनोद पांडे दलवीर सिंह मनोज पाटकर अखिलेश शर्मा कीर्ति चौहान भगत राम सिंह मनोज सेठ अशोक बर्मन पीपी पटेल मनोज नामदेव जितेंद्र यादव पूनम सोनकर, विष्णु विनोदिया श्याम सोलंकी श्रीमती बलविंदर मान इंदिरा पाठक तिवारी खुर्शीद अंसारी रजनी निगम कमलेश यादव देवकी पटेल श्वेता दुबे सुशीला कनौजिया पूनम आशीष दूसरे के ममता तिवारी सीमा तिवारी साधना त्रिपाठी अम्बिका यादव केशव प्रसाद वर्मा ओमप्रकाश रामनारायण शर्मा मनोज मेहता सुशील जैसेले गंगा सिंह आदि उपस्थित थे ।



# हैप्पी हनीमून के लिए बेस्ट हैं इंडिया की ये जगहें

**शादी के बाद हर कपल हनीमून जाता है। हालांकि कुछ ऐसे कपल हैं जिनकी शादी को महीनों बीत जाते हैं लेकिन वह कई हनीमून ट्रिप प्लान करने में असमर्थ रहते हैं। ऐसे में कई सारी वजह सामने आती हैं, लेकिन जो सबसे कॉमन होता है वह है बजट। कई लोग बजट के कारण हनीमून ट्रिप प्लान ही नहीं करते हैं। ऐसे में जानते हैं कुछ ऐसी जगहों के बारे में जहां कम बजट में आप हैप्पी हनीमून को अंजाम दे सकते हैं। शादी के बाद हनीमून की यादें ही तो होती हैं जो कपल्स को सालों साल याद रहती हैं। जानते हैं कुछ ऐसी डेस्टिनेशन के बारे में जहां आप बजट में अपने हनीमून को कंपलीट कर सकते हैं।**



## अंडामान- निकोबार

चारों और खूबसूरती से भरी ये जगह आपके हनीमून को यादगार बना देगी। साथ ही भारत में हनीमून के लिए कपल्स के बीच में ये जगह काफी फेमस है। यहां आप खूबसूरत आईलैंड पर अपने पार्टनर के साथ यादगार पलों को बिता सकते हैं। साथ ही खूबसूरत मोमेंट को कैमरे में कैद भी कर सकते हैं।



## गोवा

गोवा हर कपल के लिए मजेदार हनीमून डेस्टिनेशन हो सकता है। यहां के बीच पर आप अपने पार्टनर के साथ सनसेट और सनराइज प्वाइंट देख सकते हैं। साथ ही यहां के खूबसूरत कैफे में खाने का लुफ्त उठा सकते हैं। चर्च से लेकर बीच तक यहां घूमने के लिए काफी सारी जगहे हैं।



## केरल

कुदरत ने केरल को बड़ी खूबसूरती से संवारा है। चारों ओर हरियाली से घिरा केरल हनीमून के लिए अच्छी लोकेशन है। हाउस बोट में बैठ कर आस पास में सिर्फ खजूर और नारियल के पेड़ को देखना बेहद ही खूबसूरत पल होता है। अपने पार्टनर के साथ इस खूबसूरत जगह को एक्सप्लोर करना अपने आप में लाजवाब है।



## कन्याकुमारी

दूर दूर तक फैले महासागर के बीच से होता सनसेट और सनराइज देखने का मजा कुछ और ही है। इस जगह पर आप बजट में अपना ट्रिप कर सकते हैं साथ ही अपने पार्टनर के साथ कुछ प्यारे से पलों को कैप्चर कर सकते हैं।

# आप का राशिफल 06 दिसंबर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो आ) — धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होगी। कार्यक्षेत्र में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शुभांक-2-4-6

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो) — घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। धार्मिक यात्रा का योग है। शुभांक-5-7-9

**मिथुन** (का की कू घ ड छ के को हा) — चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत:धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें। शुभांक-4-6-8

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो) — थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्त्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। शुभ कार्यों का तत्काल फल मिलेगा। शुभांक-5-7-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे) — पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का म्लान, अवसाद रहेगा। अपने काम को प्राथमिकता से करें। शुभांक-6-8-9

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो) — प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। शुभांक-7-8-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते) — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अपने हित के काम सुबह-सबेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। माता-पिता के स्वास्थ्य की चिन्ता रहेगी। शुभांक-5-8-9

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू) — व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शुभांक-1-3-5


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे) — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रख। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। शुभांक-2-4-6

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी) — रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। राजकीय कार्यों से लाभ। शुभांक-3-5-7

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा) — समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-4-7-9

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची) — महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-4-8-9

## फिल्म वर्ग पहेली- 5669



**बायें से दायें:-**

१. मनोजकुमार, साधना की 'तुम बिन जीवन कैसे बीता' गीतवाली फिल्म-३
३. 'चली सात फेरे लेकर' गीत वाली मिलिंद सोमण, विक्रम फिल्म-३
५. अभिषेक, उदय चोपड़ा, जॉन अब्राहम, रिमी सेन, ईशा देओल की फिल्म-२
७. 'हो जाता है प्यार' गीत वाली अमिताभ, हेमा मालिनी और प्राण की फिल्म-३
८. अनिलकपूर, जैकीश्रॉफ, अजय, मनीषा, रेखा, सोनाली, माधुरी की फिल्म-२
९. 'ना वादा करते हैं' गीत वाली सुनील शेट्टी, सोमी अली की फिल्म-२
१०. अनिलकपूर, पूनम ढिल्लों की 'मिली तेरे प्यार की छाँव' गीत वाली फिल्म-३
१३. शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या फिल्म-२
१४. अजय देवगन, विवेक, मनीषा की 'खल्लास' गीत वाली फिल्म-३
१५. राजेंद्रकुमार, साधना की फिल्म-३
१७. फिल्म 'दोस्ताना' की नायिका थी-३
१८. 'मेरे भैया मेरे चंदा' गीत वाली राजकुमार, धर्मेन्द्र की फिल्म-३
१९. शशिकपूर, जीनत अमान की एक फिल्म-३
२२. बी. आर. इशारा निर्देशित विजय अरोड़ा, रीनाराय की १९७२ की एक फिल्म-४
२३. राजेंद्रकुमार, वहीदा की 'दिले बेताब को सीने से' गीत वाली फिल्म-३
२४. अनिल, श्रीदेवी, रवीना की फिल्म-३
२५. आमिरखान, मनीषा की फिल्म-२
२६. १९७१ में बनी जीतेंद्र, डिम्पल कपाड़िया की श्याम रल्हन निर्देशित फिल्म-२
२७. 'मिजाजे गिरामी दुआ है आपकी' गीत वाली फिल्म-२
२८. फिल्म 'जांनशीन' में नायक-४,२
२९. शाहिद कपूर, करीना की 'दिल मेरे ना और' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

१. 'बंदा ये बिंदास है' गीत वाली फिल्म-२
२. विकास भल्ला, काजोल की फिल्म-३
३. 'हाय हाय ये मजबूरी' गीत वाली मनोज कुमार जीनत अमान की फिल्म-२,३,२,३
४. फिल्म 'घर में श्याम गली में राम' में गोविंदा के साथ नायिका कौन थी-३
६. आफताब शिवदासानी, उर्मिला मातोंडकर की फिल्म-२
९. 'बड़ी मुश्किल है खोया मेरा दिल है' गीत वाली शाहरूख, माधुरी की फिल्म-३
११. फिल्म 'इंडियन' में नायक कौन था-२
१२. मनोजकुमार की राष्ट्रभक्ति से ओतप्रोत फिल्मों में उनके किरदार का नाम है?-३
१३. राजेश, जया भादुड़ी की 'बरस गई रे तरस गई' गीत वाली फिल्म-२,१,३
१५. अक्षय, सुनील, जैकी, रवीना, लारा दत्ता की फिल्म-२
१६. जैकी श्रॉफ, फरहा की फिल्म-४
१७. 'शीशी भरी गुलाब की' गीत वाली रणधीरकपूर, बबीता की फिल्म-२
२०. करण दीवान, स्वर्णलता की 'अँखियां मिलाके जिया' गीत वाली फिल्म-३
२१. 'चलो दिलदार चलो' गीत वाली राजकुमार, मीनाकुमारीकी फिल्म-३
२३. हिमालय, भाग्यश्री की 'मुझको पायल नाम दिया' गीत वाली फिल्म-३
२६. 'आज की रात नया चाँद' गीत वाली मनोज, धर्मेन्द्र, सायरा बानों की फिल्म-२
२७. अजय देवगन, ट्विंकल खन्ना की 'नैनों में महबूब के' गीत वाली फिल्म-२

**फिल्म वर्ग पहेली- 5668**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| सं | न्या | सी | | ह | मे | शा | | खौ | फ |
| ध्या | | मा | सू | म | | र | क्षा | | र्ज |
| | रो | | र | | सौ | दा | | त्रि | |
| ना | जा | य | ज | | त | | श्री | दे | वी |
| ग | | की | | जा | न | म | | व | |
| म | ह्य | न | | गृ | | द | म | | मा |
| णि | | | प्र | ति | का | र | | ज | या |
| | फ | र | ह्य | | लि | | | मा | |
| गॅं | की | | र | जि | या | सु | ल्ता | न | |
| | रा | खी | | स्म | | र | | त | ब्बू |

Jagrutidaur.com, Bangalore

सेहत

# सेहत सुधारेगी सोयाबीन



थकान तनाव और गिरती सेहत से बचने के लिए खाने में सोयाबीन का चलन तेजी से बढ़ा है। इतालियन खाने में अधिकता से इस्तेमाल होने वाला सोयाबीन अब शहरवासियों की पसंद बन रहा है। शहर में कई स्थानों पर सोया चाट कॉर्नर आपको नजर आएंगे। शादी समारोह और दावतों में सोयाचाप सोयाकरी फ्राई सोया का चलन बढ़ा है। स्ट्रीट फूड सेंटर्स पर भी लोग सोया से बने व्यंजनों को खाना पसंद कर रहे हैं। नॉनवेज के बाद अब सोया प्रोडक्ट डेयरी प्रोडक्ट के विकल्प के तौर पर इस्तेमाल हो रहे हैं। अच्छी न्यूट्रीशन वैल्यू के कारण शाकाहारी परिवारों में भी इसे पसंद किया जा रहा है। घरों में सोया बढ़ी सोया दूध टोफू और सोया चाप का प्रयोग आसानी से होने लगा है। सोयाबीन से बने व्यंजनों के बढ़ते चलन और सोया के फायदों पर नजर डालती स्टोरी।

**डेयरी प्रोडक्ट के साथ ले रहे सोया प्रोडक्ट-** डेयरियों पर दूध दही घी तेल और पनीर के साथ सोया के बने प्रोडक्ट मशहूर हो रहे हैं। लोग परिवार सहित सोयाबीन के बने प्रोडक्ट को खाना पसंद कर रहे हैं। शहर में शास्त्रीनगर आबूलेन और साकेत में वे प्वाइंट्स हैं जहां आपको सोया उत्पाद आसानी से मिलेंगे। डेयरियों व दुकानों पर भी सोया के बने प्रोडक्ट काफी बिक रहे हैं।

**नॉनवेज का अच्छा विकल्प-** शुद्ध शाकाहारी लोगों को नॉनवेज की तरह न्यूट्रीएंट डाइट देने का काम सोयाबीन कर रहा है। लोगों के बीच सोया पदार्थो के प्रचलित होने का बड़ा कारण इसका स्वाद है। खाने में यह नॉनवेज का अनुभव कराता है इसीलिए नॉनवेज खाने वाले लोग इसे स्वाद से खाते हैं। वहीं शाकाहारी लोग नॉनवेज से बचने और सेहत के लिए इसे इस्तेमाल कर रहे हैं।

**लाभकारी है सोयाबीन-** डाइटीशियन कहते हैं कि सोयाबीन प्रोटीन का बेहतरीन स्रोत है जो रक्तचाप नियंत्रित करता है। सोयाबीन में अच्छे फाइबर होने के कारण यह पाचक और पेट को अच्छा रखता है। गर्भवती महिलाओं के लिए श्रेष्ठ आहार है। शरीर को संपूर्ण पोषक तत्वों की खुराक देता है। तनाव थकान दूर करता है। नींद न आने की परेशानी दूर करता है कैंसर के कारकों को रोकता है। त्वचा व बालों की सेहत बनाता है।

**इन रूपों में हो रहा इस्तेमाल-** रोस्टेड सोयाबीन स्प्राउट्स सोयाबीन सोया दाल सोया चाप सोया चूरा सोया बड़ी सोया मिल्क सोया पनीर सोया क्रीम सोया घी सोया दही सोया भाजी आदि।

## सूडोकु नवताल- 6173

★★★ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल -6172 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

Jagruti




## विचार प्रवाह

कोई अच्छा कार्य करो तो उसका श्रेय अपने पास नहीं रखना। उसका श्रेय अपने मां बाप को दे देना, अपने प्रभु, अपने गुरु को दे देना। श्रेय अपने पास रखोगे तो इससे अहंकार पैदा होगा। और कभी कोई काम बिगड़ जाये तो उसकी जिम्मेदारी खुद अपने ऊपर ले लेना। इससे भूल सुधार तो हो ही जाएगी एक बड़े पाप से भी बच जाओगे। लेकिन तुम इतने बेईमान हो कि कुछ भी अच्छा हुआ तो कहते होमेरी वजह से हुआ है और कभी कुछ बुरा हो तो उसके लिए कभी पत्नी को, कभी बच्चों को तो कभी किसी और को जिम्मेदार ठहराते हो। यह कैसी नाइंसाफी है?

■ मुनिश्री तरुणसागर

## शब्द पहेली - 7234



**बाएँ से दाएँ**

1. कलाकार, अदाकार-4
4. फूलों की छोटी माला, वेणी-3
6. पैर, पांव-2
7. अधिकार-2
9. खानाबदोश, बंजारा-4
11. राशन, खाद्य सामग्री-3
12. टेसू के फूल-3
13. कपोल, रुखसार-2
14. विजय-2
15. डोली उठाने वाले-3
17. जल प्रपात-3
18. गठबंधन-4
21. पानी, जल-2
23. नौका-2
24. देह, काया, शरीर-3
25. अगुवा, राह दिखाने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

1. उपवास का खाना-4
2. झुका हुआ-2
3. व्यवहार-3
4. समयघोष-3
5. मार्ग, पथ-2
8. गागर, घड़ा, घट-3
9. स्मारक-4
10. हत्या, कत्ल-2
12. पत्तों के गिरने का मौसम-4
15. कथा, गाथा-3
16. अष्टम-2
18. नामचीन-4
19. रवाना होना-3
20. विदूषक, मसखरा-3
22. ईश्वर, भगवान-2
23. बटन, स्विच-2

**शब्द पहेली -7233 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | र | ह | म | त | | म | | |
| | ह | | द | | प | न | घ | ट |
| स | ब | ल | | वी | रा | न | | क |
| | र | की | ब | | या | | ना | रा |
| स | | र | ज | त | प | ट | | ब |
| र | वि | | ब | | न | ह | र | |
| ह | | म | जा | क | | नी | वा | ला |
| द | फ | ना | ना | | सा | | य | |
| | | ही | | ग | फ | ल | त | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# मप्र पंचायत चुनाव 6 व 28 जनवरी और 16 फरवरी को

# ST/SC/OBC और महिलाएं 200 रुपए में लड़ सकेंगी पंच का चुनाव

**भोपाल। लंबे इंतजार के बाद शनिवार को पंचायत आम चुनावों की घोषणा राज्य निर्वाचन आयोग ने कर दी है। इसी के साथ प्रदेश में आदर्श आचार संहिता प्रभावी हो गई है। राज्य निर्वाचन आयुक्त बसंत प्रताप सिंह ने पत्रकारों को बताया कि चुनाव तीन चरणों में कराए जाएंगे। 6 व 28 जनवरी और 16 फरवरी को मतदान कराया जाएगा। मतदान सुबह सात बजे से दोपहर तीन बजे तक कराया जाएगा। सरपंच-पंच पद के लिए डाले गए वोटों की गिनती उसी शाम को कराई जाएगी।**



उन्होंने बताया कि इस चुनाव के लिए 71 हजार 398 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें तीन हजार 95 ऐसे केंद्र हैं, जिन पर मतदाताओं की संख्या 750 से अधिक है। इन केंद्रों पर तीन करोड़ 92 लाख 51 हजार 811 मतदाता मतदान करेंगे। चुनाव प्रक्रिया में चार लाख 25 हजार मतदान कर्मी नियुक्त किए जा रहे हैं।

### चुनाव को लेकर आयोग ने दिशा-निर्देश जारी किए हैं

चुनाव प्रचार के दौरान कोई भी प्रत्याशी सभा, रैली या जुलूस बिना अनुमति नहीं निकाल सकेगा।मध्यप्रदेश की सभी ग्राम पंचायतों में तत्काल प्रभाव से आचार संहिता लागू हो गई है।

### अब गांव में रैली/सभा के लिए परमिशन जरूरी

चुनाव संबंधी जानकारी निर्वाचन आयोग के चुनाव ऐप पर भी मिलेगी। जिला पंचायत सदस्य या जनपद पंचायत सदस्य प्रत्याशी ऑनलाइन तरीके से नामांकन फॉर्म जमा करता है, तो उसे हार्ड कॉपी भी समय रहते निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय में जमा करनी होगी। जिला पंचायत सदस्य के नामांकन फॉर्म जिला मुख्यालय पर, जनपद पंचायत सदस्य के विकासखंड मुख्यालय पर जमा होंगे। पंच और सरपंच पद के प्रत्याशियों के नामांकन फॉर्म विकासखंड मुख्यालय के साथ ही क्लस्टर मुख्यालय पर भी लिए जाएंगे। यह क्लस्टर स्थानीय कलेक्टर ग्राम पंचायतों का समूह बनाकर गठित करेगा। पंच पद के लिए नामांकन फॉर्म के साथ एक सादा घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करना होगा। सरपंच, जिला पंचायत सदस्य और जनपद पंचायत सदस्य को शपथ पत्र के रूप में जानकारी प्रस्तुत करना अनिवार्य है। चुनाव में राजनीतिक दलों के चुनाव चिन्ह नहीं होंगे, लेकिन आचार संहिता सभी राजनीतिक दलों पर लागू होगी। चुनाव प्रचार के दौरान शिकायत के लिए स्टेट और जिला लेवल पर कंट्रोल रूम बनाए जा रहे हैं। स्टेट लेवल कंट्रोल रूम का नंबर 0755-2551076 है। मतदान समाप्ति के समय से 48 घंटे पहले हर चरण में सभा/ जुलूस/ रैली प्रतिबंधित हो जाएगी।

पंच एवं सरपंच के लिए निर्वाचन मतपत्रों से होगा, जबकि जनपद और जिला पंचायत सदस्य के लिए वोटिंग ईवीएम से होगी।

### सभी पदों के लिए धरोहर राशि

जिला पंचायत सदस्य के लिए नामांकन के साथ धरोहर राशि 8 हजार रुपए, जनपद के लिए 4 हजार और ग्राम पंचायत सरपंच के लिए 2 हजार और पंच के लिए 400 रुपए जमा करानी होगी। अनूसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, ओबीसी, महिलाओं को निर्धारित से आधी राशि यानी 200 रुपए जमा करने होंगे।

# मध्य प्रदेश में एक साथ दो डिग्री लेने वाले चयनित शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के सरकारी स्कूलों में तीन साल बाद चयनित शिक्षकों को नियुक्ति पत्र दिए गए। अब इनमें से करीब छह चयनित शिक्षकों द्वारा एक ही सत्र में दो डिग्री लेने के कारण उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई है। इसमें से कुछ चयनित शिक्षकों ने एक जगह पर नियमित तो दूसरी जगह स्वाध्यायी प्रवेश लेकर डिग्री हासिल की तो कुछ ने अलग-अलग जगहों से नियमित प्रवेश लेकर डिग्रीयां हासिल कर लीं। दस्तावेजों की जांच में यह खुलासा हुआ कि करीब छह शिक्षकों के पास एक सत्र में दो डिग्रीयां हैं। स्कूल शिक्षा विभाग ने शिक्षक भर्ती प्रक्रिया में दस्तावेज सत्यापन के दौरान ठीक से दस्तावेजों की जांच नहीं की अब चयन होने के बाद कार्रवाई की जा रही है। लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) ने पात्रता परीक्षा में चयनित शिक्षकों को पहले नियुक्ति देकर ज्वाइनिंग करवा दी। अब नियमों का हवाला देकर उनकी नियुक्ति निरस्त करने के आदेश जारी कर दिए हैं। स्कूल शिक्षा विभाग और आदिम जाति कल्याण विभाग ने तीन साल पहले 2018 में पहले 30,554 पदों के लिए पात्रता परीक्षा ली थी। इनमें से करीब 20 हजार पद स्कूल शिक्षा विभाग के स्कूलों के लिए थे। अक्टूबर माह में 12 हजार 43 के नाम की सूची जारी की गई है। इस सूची के पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति देकर ज्वाइनिंग भी दे दी गई है। इस सूची में विभाग ने कई ऐसे नाम शामिल कर लिए हैं, जिनके दस्तावेज सत्यापन में गड़बड़ी की गई। दस्तावेजों की जांच में चयनित दो डिग्री वाले अभ्यार्थियों को भी नियुक्ति देकर ज्वाइनिंग दी गई है। अब इनके नियुक्ति आदेश को निरस्त किए जा रहे हैं। हालांकि यूजीसी के नियमों के अनुसार भी एक ही सत्र में दो डिग्रियां प्राप्त करना मान्य नहीं है। हालांकि प्रदेश में विभाग ने 2012 में शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया में दो डिग्री को मान्य किया है।

- **केस-1.** भोपाल जिले के खजुरिया रामदास गांव बैरसिया के मोहन साहू की नियुक्ति उच्चतर माध्यमिक शिक्षक गणित के पद पर उमावि बरखेड़ा हसन सीहोर में की गई थी। दस्तावेज सत्यापन में मोहन साहू ने वर्ष 2010-11 में एमएससी गणित और बीएड बीयू भोपाल की उपाधि नियमित छात्र के रूप में एक ही वर्ष में उत्तीर्ण की है। उन्हें नियुक्ति पत्र देकर निरस्त किया गया।
- केस-2. डीआइजी बंगला ग्रीन पार्क कालोनी रवि मीना को उच्चतर माध्यमिक शिक्षक इतिहास के पद पर सीहोर जिले के श्यामपुर में पदस्थापना मिली। रवि ने बीयू भोपाल से वर्ष 2016-17 और 2017- 18 में नियमित परीक्षार्थी के रूप में बीएड की परीक्षा उत्तीर्ण की। उसी सत्र में इग्नू नई दिल्ली से एमए इतिहास की द्विवषीर्य पाठ्यक्रम की उपाधि प्राप्त की है। अब रवि की नियुक्ति तत्कात निरस्त कर दिया गया।
- **केस-3.** राजगढ़ जिले के प्रतापपुरा नाहली के मुकेश कुमार लववंशी का उच्चतर माध्यमिक शिक्षक गणित के पद पर शासकीय हाईस्कूल राजग? में उनकी पदस्थापना की। मुकेश ने वर्ष 2016 में एमएससी गणित भोज विवि से एवं 2017 में बीएड डीएवीवी इंदौर से नियमित छात्र के रूप में एक ही सत्र से उत्तीर्ण की है। इस कारण उनकी नियुक्ति निरस्त कर दी गई।

दस्तावेजों की जांच में जिन चयनित शिक्षकों के पास दो डिग्री एक ही सत्र में लेने पाया गया है उनकी नियुक्ति को निरस्त कर दिया गया है। आगे भी दस्तावेजों की जांच की जा रही। - **अभय वर्मा, आयुक्त डीपीआइ**

# यूजी व पीजी के विद्यार्थी 10 दिसंबर तक कोर्स को बदल सकते हैं



**प्रदेश के निजी व सरकारी कालेजों में छह लाख 58 हजार ने प्रवेश लिया है, अब तक 85 हजार विद्यार्थी कोर्स बदल चुके हैं।**

**भोपाल।** प्रदेश के यूजी व पीजी कालेजों में प्रवेश प्रक्रिया की अंतिम तारीख खत्म हो चुकी हैं। इस साल प्रदेश के 1301 निजी और सरकारी कालेजों में छह लाख 58 हजार विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं। इसमें से करीब 85 हजार विद्यार्थी अपने कोर्स को बदल चुके हैं। करीब साढे पांच लाख विद्यार्थी अपना कोर्स बदलना चाहते हैं तो विभाग ने उन्हें 10 दिसंबर तक का समय दिया है। विद्यार्थी आनलाइन के साथ आफलाइन भी विकल्प दे सकते हैं। उच्च शिक्षा विभाग के कालेज और विश्वविद्यालय की प्रवेश प्रक्रिया पर विराम लगा गया है। प्रवेशरत छह लाख 58 हजार विद्यार्थी मुख्य, गौण, वैकल्पिक विषय एवं व्यवसायिक पाठ्यक्रम आदि में परिवर्तन के लिए आवेदन कर सकेंगे। छात्र द्वारा निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत कर विषय परिवर्तन मुख्य, गौण, इलेक्टिक, वोकेशनल एवं फील्ड प्रोजेक्ट आदि संबंधी कार्रवाई की जा सकती है। विद्यार्थी चाहे तो एमपी आनलाइन के पोर्टल के माध्यम से भी विषय परिवर्तन संबंधी आवेदन कर सकते हैं, लेकिन कक्षा परिवर्तन संबंधी कार्यवाही के लिए छात्र को कालेज में उपस्थित होना अनिवार्य है। पहले में कोर्स बदलने वाले करीब 85 हजार विद्यार्थी दोबारा से कोर्स बदलने की प्रक्रिया में भागीदारी नहीं कर सकते हैं, क्योंकि उन्हें एक बार कोर्स बदलने की स्वीकृति दी जा चुकी है। कालेज में आने के लिए कोविड-19 संक्रमण को देखते हुए केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा प्रथम चरण में प्रदेश के 45 प्लस के एवं द्वितीय चरण में 18 प्लस के नागरिकों को वैक्सीन लगवाना अनिवार्य है, जो विद्यार्थी 30 अक्टूबर 2021 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण नहीं किए हैं। ऐसे विद्यार्थियों को टीकाकरण न होने की स्थिति में भी कालेज आने की अनुमति प्रदान की जाती है। विभाग ने कोर्स बदलने नियम तैयार किए हैं। इसके तहत सत्र 2021-22 कक्षा विषय परिवर्तन के लिए आवेदन का निर्धारित प्रारूप पत्र में होना अनिवार्य है। आवेदन का प्रारूप उच्च शिक्षा विभाग के नवीन निर्देश पर एमपी आनलाइन पोर्टल पर मौजूद रहेगा।प्रत्येक कालेज द्वारा आवेदन पत्र का प्रारूप छात्रों को उपलब्ध कराना अनिवार्य है।



# मध्य प्रदेश में शुष्क बना रहेगा मौसम

भोपाल। बारिश और मौसम में नमी के कारण कुछ शहरों के न्यूनतम तापमान में कमी आई है। राजधानी में न्यूनतम तापमान 12.7 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य से एक डिग्री अधिक रहा। वहीं अधिकतम तापमान 26.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो कि सामान्य रहा। शुक्रवार के मुकाबले शनिवार के अधिकतम तापमान में दो डिग्री की बढ़ोत्तरी हुई है। जबकि न्यूनतम तापमान में दो डिग्री की कमी दर्ज की गई है। शुक्रवार को राजधानी में अधिकतम तापमान 20 डिग्री से बढ़कर 24.9 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था वहीं न्यूनतम तापमान 14.8 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला ने बताया कि दिसंबर के पहले सप्ताह में तीन दिन होने वाली बारिश के बाद पूर्व में बने सभी सिस्टम अब कमजोर हो गए है। इसके बाद ठंड बढ़ने की संभावना थी लेकिन पश्चिम विक्षोभ के कारण ज्यादा ठंड नहीं पड़ रही है। हालांकि तापमान में कुछ गिरावट होगी। वहीं दूसरे सप्ताह में अच्छी ठंड पड़ेगी। दरअसल, आंध्रपदेश के विशाखापट्टनम और ओडिशा के गोपालपुर के तूफान जवाद के कारण हवा का रुख बदल गया। इस कारण बीते रात ज्यादा ठंड नहीं हुई। इसके साथ ही पश्चिमी विक्षोभ आ गया। इसके जाते ही ठंड शुरू हो जाएगी। जिसे के बाद रात का पारा 10 डिग्री के नीचे आना शुरू हो जाएगा। मौसम विज्ञानी पीके साहा ने बताया कि अब बारिश की उम्मीद नही है। मौसम शुष्क रहेगा। नमी नहीं आने से बादल भी छाने की उम्मीद नहीं है। जबलपुर मंडला में शनिवार को कोहरा रहा अब कुछ दिन कोहरा और धुंध प्रदेश के कुछ जिलों में छा सकता है। इधर, प्रदेश में बीती रात की बात की जाए तो सबसे ठंडा ग्वालियर और नौगांव रहा। यहां पर पारा नौ डिग्री सेल्सियस तक आ गया है । इंदौर में तापमान सामान्य रहा।

# भोपाल में महीने भर बाद कोरोना की पांच हजार जांचें

## औचक सैंपलिंग के लिए लगाई 71 टीमें

**170 संदिग्धों की जांचें की गई। इनमें से पांच की रिपोर्ट पाजिटिव**

**भोपाल।** कोरोना वायरस के ओमिक्रोन वैरिएंट के डर के चलते फीवर क्लीनिक में जांच कराने वालों की संख्या एक बार फिर बढ़ी है। दीपावली से हफ्ते भर पहले से रोज चार हजार से 4500 जांचें की जा रही थीं। पूरे नवंबर में लगभग यही स्थिति रही। शनिवार को लंबे अरसे बाद जांच का आंकड़ा पांच हजार से ऊपर पहुंचा। शनिवार को 5170 संदिग ?धों की जांचें की गई हैं, इसमें पांच पाजिटिव मिले हैं। इसके साथ ही भोपाल में अब तक पाजिटिव मिले मरीजों की संख्या 1 लाख 23 हजार 732 हो गई है। इनमें 1 लाख 22 हजार 657 स्वस्थ हो चुके हैं। 1003 मरीजों की मौत हुई है। दरअसल, कोरोना के मरीज कम होने की वजह से लोगों में डर कम हो गया था। इस कारण वह जांच कराने के लिए नहीं पहुंच रहे थे। दूसरी बात यह कि मरीज कम होने की वजह से स्वास्थ्य विभाग ने औचक सैंपलिंग के लिए टीमें भी घटा दी थी। अब ओमीक्रोन के खतरे को देखते हुए टीमों की संख्या बढ़ाई गई है। साथ ही सैंपल ज्यादा दिए जा रहे हैं। दूसरी बात है कि कई प्रदेशों में यात्रा कर पहुंचने वाले लोगों से भी कोरोना की जांच रिपोर्ट मांगी जा रही है।

# डीपीएस की स्कूल बस ने बाइक सवार भाईयों को रौंदा, बड़े भाई की मौत

**भोपाल।** शाहपुरा के दानापानी रेस्टारेंट मार्ग पर स्थित डीके देवस्थली कालोनीपरिसर के सामने मुख्य मार्ग पर देहली पब्लिक स्कूल नीलबड़ की बस ने बाइक सवार भाईयों को टक्कर मार दी। ओवरटेक करते समय बाइक को बस टक्कर मारकर बीस फीट के करीब घसीटते ले गई। इसमें बड़े भाई की मौके पर मौत हो गई।जबकि छोटे भाई को नाजुक हालत में एम्स में भर्ती कराया गया है। बाइक सवार दोनों घर से मार्केट से सामान लेने जा रहे थे। हादसे में चौंकाने वाली घटना यह है कि बाइक बस के नीचे फंसने से बस पलट भी सकती थी,लेकिन शुक्र रहा है कि हादसा टल गया। घटना के बाद पुलिस ने बच्चों को सुरक्षित बस सेनिकालकर दूसरे वाहन से घर भिजवाया। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम कर स्कूल बस को जब्त कर लिया है। शाहपुरा थाना प्रभारी एमके मिश्रा के मुताबिक ग्राम बावाडिया कलां निवासी 16 साल का लक्ष्मण भिलाला अपने छोटे भाई हर्ष भिलाला (12) को साथ लेकर आधे घंटे में लौटने का कहकर निकले थे। वह घर से निकलकर दानापानी रेस्टोरेंट रोड स्थित डीके देवस्थली कॉलोनी के सामने पहुंचे ही थे, डीपीएस स्कूल बस को ओवरटेक करते समय स्कूल बस ने पीछे से बाइक सवार लक्ष्मण उर्फ लक्की भिलाला को टक्कर लगी होगा । इससे छोटा भाई हर्ष दूर जाकर गिरा। जबकि लक्ष्मण बस की चपेट में आ गया था।

### बस के बोनट में फंस गई बाइक, बीस फीट घिसटी

चश्मदीदों ने बताया कि बस की टक्कर से लक्ष्मण की मौके पर मौत हो गई थी। उसकी बाइक बस के बोनट में फंसकर करीब बीस फीट तक बस के साथ घिसटती चली गई थी। स?क पर घिसटने के निशान साफ- साफ नजर आ रहे थे। हादसे के बाद बस का चालक मौके से फरार हो गया था। जबकि उसके छोटे भाई हर्ष को नाजुक हालत में एम्स में भर्ती कराया गया है। उनके पिता निर्भय भिलाला सब्जी का काम करते हैं। उनके दो ही बेटे थे। मृतक लक्ष्मण नवीं कक्षा का छात्र था और हर्ष सातवीं कक्षा में पढ़ता है। घटना के समय बस में स्कूल के बच्चे सवार थे। हादसे के बाद बस में सवार बच्चे काफी डर गए थे। चश्मदीद गोलू ने बताया कि स्कूल बस का चालक बस को हादसे के बाद भागने की फिराक में था। शोर मचाया तब उसने बस को रोका था।

# प्रोत्साहन राशि बंद करने से नाराज आशा कार्यकर्ताओं ने बंद किया काम

**भोपाल।** पूरे प्रदेश में पहले कोरोना मरीजों का और अब टीकाकरण सर्वे का काम करने वाली आशा कार्यकर्ताओं की प्रोत्साहन राशि बंद करने से नाराज कार्यकर्ताओं ने शनिवार को प्रदेश भर में काम बंद कर आंदोलन किया। उन्होंने कहा कि अभी एक दिन का सांकेतिक प्रदर्शन किया है, लेकिन फिर से यह राशि बहाल नहीं की गई तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। आशा कार्यकर्ता और सहयोगिनी 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस को काला दिवस के रूप मनाएंगी।मध्य प्रदेश आशा/आशा सहयोगिनी श्रमिक महासंघ की अध्यक्ष लक्ष्मी कौरव ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की तरफ से एक आदेश जारी कर कहा गया है कि सितंबर से सर्वे के बदले आशा कार्यकर्ता और आशा सहयोगिनी को हर दिन मिलने वाली क्रमशः 33 रुपये और 15 रुपये की राशि बंद की जाती है। इससे पूरे प्रदेश के 84 हजार कार्यकर्ता और सहयोगिनी में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि अक्टूबर और नवंबर में भी हमेशा की तरह सर्वे का कार्य किया गया है, लेकिन सितंबर से प्रोत्साहन राशि बंद करने का आदेश अब आया है। ऐसे में अक्टूबर और नवंबर की राशि उन्हें कैसे मिलेगी। सितंबर में ही आदेश की जानकारी होती तो सर्वे बंद कर दिया जाता है। उन्होंने बताया कि पिछले महीनों की बकाया राशि बाद में मिलती है, इसलिए यह पता भी नहीं चला कि राशि का भुगतान रोक दिया गया है। बता दें इसके पहले भी महासंघ ने आशा कार्यकर्ता और सहयोगिनी के लिए क्रमशः 10 हजार और 15 हजार मासिक वेतन दिए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन किया है।

### 10 दिसंबर को मानव अधिकार दिवस को मनाएंगी काला दिवस

# भोपाल में स्क्रेप बेचने के नाम पर ठगी, क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर धोखाधड़ी

**भोपाल।** कोलार पुलिस ने एक व्यापारी की रिपोर्ट पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। आरोपित ने व्यवसायी को बैटरी स्क्रेप बेचने का झांसा देकर 1 लाख 95 हजार रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर करवा लिए और उसके बाद अपना मोबाइल बंद कर लिया।पुलिस के मुताबिक दीपक खामरा (42) गणपति इन्क्लेव बीमाकुंज कोलार रोड पर रहते हैं और नयापुरा में इलेक्ट्रॉनिक दुकान चलाते हैं। गत 25 अक्टूबर को उनके पास अल्पेश नामक व्यक्ति ने फोन किया। उसने खुद को निधि इंटरप्राइजेस का संचालक बताते हुए पुरानी बैटरियों का स्क्रेप बेचने की बात कही। रेट तय होने के बाद अल्पेश ने उन्हें निधि इंटरप्राइजेस को बैंक खाता नंबर दिया और बताया कि आप जैसे ही 1 लाख 95 हजार रुपये जमा करवा देंगे, वैसे ही मैं बिल जनरेट पर माल भिजवा दूंगा। दीपक के दोस्त राज इंटरप्राइजेस वाले पुरानी बैटरियां खरीदते हैं, इसलिए उन्होंने इसकी जानकारी राज को दी। राज स्क्रेप खरीदने के लिए तैयार हो गए और उन्होंने निधि इंटरप्राइजेस के बैंक खाते में रुपये जमा करवा दिए। उसके बाद अल्पेश जल्द ही माल उठवाने का आश्वासन देता रहा और बाद में अपना मोबाइल फोन बंद कर लिया। ठगी का एहसास होने पर दीपक ने आरोपित के खिलाफ कोलार थाने में एफआइआर दर्ज करा दी।

### क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर ठगी

इधर, बैरागढ़ पुलिस ने बेहटा गांव निवासी दीपक मेवाड़ा की रिपोर्ट पर अज्ञात जालसाज के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। दीपक ने पुलिस को बताया कि गत बारह नवंबर को उनके पास अज्ञात व्यक्ति ने फोन किया और खुद को बैंक अधिकारी बताते हुए क्रेडिट कार्ड की लिमिट बढ़ाने के नाम पर बैंक खाते से जुड़ी जानकारी हासिल कर ली। दीपक ने उसे जानकारी दे दी, जिसके बाद उनके बैंक खाते से 36 हजार 58 रुपए कट गए। पुलिस अज्ञात आरोपित की तलाश में जुट गई है।

# भोपाल में बिजली मीटर वाचक ने घर में घुसकर आठवीं की छात्रा से की दुष्कर्म की कोशिश

**भोपाल।** राजधानी के हबीबगंज इलाके में बिजली बिल के लिए मीटर रीडिंग लेने वाले एक युवक ने 12 वर्षीय बालिका को घर में अकेला पाकर उसके साथ दुष्कर्म करने की कोशिश की। घटना के समय आरोपित मीटर की रीडिंग लेने आया था। बालिका के माता-पिता उस वक्त दूसरे शहर में रहने वाले रिश्तेदार के यहां गए थे। पीड़िता के शोर मचाने पर आसपड़ोस के लोग जमा हो गए। यह देख आरोपित वहां से भाग गया। बाद में पीड़िता ने माता-पिता के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई। पुलिस आरोपित की तलाश कर रही है। पीड़िता आठवीं कक्षा की छात्रा है।हबीबगंज थाने की एसआइ सुनीता के अनुसार 12 वर्षीय छात्रा शुक्रवार दोपहर में अपने घर में अकेली थी। उसके मां



और पिता सीहोर अपने एक रिश्तेदारी में गए हुए थे। इस दौरान बिजली विभाग का संविदा कर्मचारी मोनू वर्मा (22) घर में मीटर रीडिंग लेने पहुंचा। मीटर रीडिंग लेने के बाद उसने बालिका को बिल दिया और पीने के लिए पानी मांगा। बालिका ने उसे एक गिलास पानी लाकर पिलाया। इसी दौरान आरोपित ने भांप लिया कि घर में बालिका के अलावा कोई नहीं है और उसकी नीयत खराब हो गई। उसने बालिका से एक गिलास पानी और मांगा। बालिका पानी लेने जैसे ही अंदर गई, तो आरोपित भी उसके पीछे-पीछे घर में घुस गया और दरवाजा बंद कर लिया। पीड़िता ने शोर मचाया तो आसपड़ोस के लोग जमा हो गए। तभी सीहोर से उसके मां और पिता भी आ गए। वे आरोपित को पकड़कर पुलिस के हवाले करना चाहते थे, तभी वह भीड़ के बीच से मौका पाकर भाग निकला। बाद में पीड़िता ने थाने पहुंचकर आरोपित के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पोस्को एक्ट और छेड़खानी की धाराओं के तहत केस दर्ज कर आरोपित की तलाश तेज कर दी है। इस घटना के बाद इलाके में मीटर वाचक को लेकर आक्रोश की स्थिति बन रही है।

# मप्र में 94प्रतिशत लोगों को पहला डोज

**भोपाल।** मध्य प्रदेश में कोरोना संक्रमण की गंभीरता को कम करने के लिए लगातार वैक्सीनेशन अभियान जारी है। अब तक प्रदेश में 94त्न लोगों को पहला डोज लग गया है। वहीं, दूसरा डोज भी 70त्न ने लगवा लिया है। हालांकि अब भी दिसंबर 2021 तक पात्र आबादी को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य पूरा करने के लिए रोज 7.35 लाख डोज लगाने होंगे। प्रदेश में अब 8, 15 और 22 दिसंबर को वैक्सीनेशन महाअभियान होगा।प्रदेश में अब तक 8.99 करोड़ डोज लग गए हैं। इसमें पहला डोज 5.13 करोड़ और दूसरा डोज 3.85 करो? लोगों ने लगवाया है। प्रदेश सरकार ने पात्र आबादी को फुली वैक्सीनेटेड करने के लिए दिसंबर 2021 तक का लक्ष्य तय किया है।

## 64वीं राष्ट्रीय रायफल शूटिंग चैंपियनशिप-

# 10 मी. इवेंट में मप्र, सेना, हरियाणा व गुजरात के खिलाड़ी आगे

**भोपाल।** 64वीं राष्ट्रीय रायफल शूटिंग चैंपियनशिप-2021 में शनिवार को खिलाड़ियों ने क्वालीफिकेशन में शानदार प्रदर्शन किया। 10 मीटर रायफल वर्ग में तीन स्पर्धाओं के क्वालीफिकेशन राउंड खेले गए। मप्र के खिलाड़ियों का प्रदर्शन भी शानदार रहा। 50 मीटर थ्री पोजिशन महिला और जूनियर महिला इवेंट के क्वालीफिकेशन राउंड भी खेले गए। स्पर्धा के फाइनल मुकाबले 6 दिसंबर को खेले जाएंगे। चैंपियनशिप का आयोजन खेल और युवा कल्याण विभाग एवं भारतीय राष्ट्रीय रायफल संघ के संयुक्त तत्वावधान में मप्र शूटिंग अकादमी बिसनखड़ी में 25 नवंबर से 10 दिसंबर तक किया जा रहा है।10 मीटर रायफल मेन में सेना के



गोकुल राज आरके 629.20 अंकों के साथ पहले स्थान पर है। वहीं, हरियाणा के गौरव ढिल्लो 626.10 दूसरे और हरियाणा के ही संजीव राजपूत 623 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है। मप्र के याकूब सिद्दिकी 616.80 अंकों के साथ 18वें स्थान पर चल रहे हैं। 10 मीटर रायफल जूनियर मेन में हरियाणा के गौरव ढिल्लो 626.10 अंको के साथ सबसे आगे हैं। वहीं, हिमाचल प्रदेश के शिवम कुमार 622.90 अंकों के साथ दूसरे और हरियाणा के चिराग गौतम 620.70 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मप्र के याकूब सिद्दिकी 616.80 अंकों के साथ नौंवें स्थान पर है। मप्र के ही मृत्युंजय सिंह राठौर 613.70 अंकों के साथ 19वें स्थान पर हैं। 10 मीटर रायफल यूथ मेन में गज्जर क्रिश जिगनेशभाई 617 अंकों के साथ पहले स्थान पर बने हुए हैं। वहीं, राजस्थान के वैभव राठौर 616.70 अंकों के साथ दूसरे और उत्तर प्रदेश के सलीम 616.40 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर हैं। मप्र के मृत्युंजय सिंह राठौर 613.70 अंकों के साथ आठवें स्थान पर हैं। इसी वर्ग में मप्र के अक्षत राठौर 607.90 अंकों के साथ 20वें स्थान पर हैं।

# भैरोगंज, छिंदवाड़ा चौक, डूंडासिवनी, बाहुबली व कचहरी चौक का जल्द हो सौंदर्यीकरण

## कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल ने सीएमओ से की चर्चा, नगर विकास से जुड़ी योजनाओं की तरफ शीघ्र ध्यान दिया जाए

सिवनी यशभारत

**नगर सौंदर्यीकरण को लेकर पूर्व प्रभारी मंत्री सूखदेव पांसे के निर्देश पर तत्कालीन कलेक्टर प्रवीण सिंह अड़ाइच द्वारा नगर के छिन्दवाड़ा चौक, सोमवारी चौक भैरोगंज, डूण्डासिवनी, बाहुबली चौक, कचहरी चौक में सौंदर्यीकरण हेतु कार्य योजना तैयार की गयी थी।**

सोमवारी चौक भैरोगंज चौक स्थित कुए में फब्बारा एवं सुन्दर पार्क का निर्माण किया जाना प्रस्तावित था किन्तु कुछ दिनों से सोमवारी चौक भैरोगंज में उक्त सौंदर्यीकरण स्थल के पीछे कतिपय व्यक्ति द्वारा निर्माण कार्य प्रारंभ किया जा रहा है, जिससे उक्त स्थान के लिये तैयार की गई कार्ययोजना बाधित हो सकती है।

इस संबंध में नगर कांग्रेस का एक प्रतिनिधि मंडल मुख्य नगरपालिका अधिकारी से मुलाकात कर चर्चा की, मुख्य नगरपालिका अधिकारी द्वारा बताया गया कि सोमवारी चौक भैरोगंज एवं डूण्डासिवनी चौक का सौंदर्यीकरण के लिये नगरपालिका द्वारा निविदा आमंत्रित की गयी थी उक्त कार्य का ठेका हो चुका है, सम्भवत: 10 दिन के अंदर ठेकेदार द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया जायेगा। सोमवारी चौक में कार्य स्थल के पीछे जो निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ है उसकी अनुमति नगरपालिका द्वारा नही दी गयी है। निर्माण कर्ता द्वारा नगरपालिका में आवेदन दिया गया है कि यह नजूल की भूमि है। और इस पर से रास्ता होकर गुजरता है जिसका सीमाकंन कराने नगरपालिका ने आवेदन दिया हुआ है। कांग्रेस प्रतिनिधि मंडल द्वारा मुख्यनगरपालिका अधिकारी से मांग की गई कि बीते दिनों में जो भी नगर विकास की कार्य योजना तैयार की गई है उन सभी कार्य योजनाओं पर कार्य शीघ्र प्रारंभ किये जाये। कांग्रेस के इस प्रतिनिधि मंडल में गेंदलाल भलावी, राजिक अकील, राजेश मानाठाकुर, सुशील सोनकेशरिया, मुकेश चीकू सक्सेना, सुजीत गोदरे, सुशील ठाकुर उपस्थित रहें।




### सीएमओ नवनीत पांडे ने नगर पालिका के सफाई कर्मियों की बैठक ली

सिवनी। 02 दिसंबर 2021 को दोपहर 03 बजे नगर पालिका कार्यालय में नगर पालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे ने न.पा. के समस्त सफाई कर्मचारियो की आवश्यक बैठक ली एवं स्वच्छता अभियान 2022 की तैयारियो पर महत्वपूर्ण चर्चा की गई। साथ ही शहर की साफ-सफाई पर विषेष ध्यान देने, चौक-चौराहों, मार्केट सुलभ-शौचालय की सफाई प्रतिदिन करने, टिप्पर वाहन के माध्यम से डोर टू डोर कचरा संग्रहण करने के निर्देश दिये गये एवं बैठक में उपस्थित कर्मचारियों को आदेशित किया कि जो भी कर्मचारी अपने कार्य के प्रति लापरवाही करेगा ।

### दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित



**बरघाट।** राज्य शासन की मंशा अनुरूप एवं जिला शिक्षा केंद्र के निर्देशानुसार विकासखंड बरघाट में दिव्यांग बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन स्थानीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरघाट के ग्राउंड पर किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण क्षेत्र से आए हुए बच्चों के पालकों गणमान्य नागरिकों एवं स्कूलों से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाएं जनपद शिक्षा केंद्र के सभी बीएसी सीएसी साथी सभी ने बच्चों का बहुत उत्साह वर्धन किया। जिसके चलते बच्चों ने विभिन्न विधाओं में अपने कौशल का परिचय दिया, जिसके बाद जिला स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में विकासखंड बरघाट में चयनित हुए बच्चों को जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में शामिल कराया गया, इस मौके पर बच्चों को अल्पाहार प्रदान किया गया एवं बच्चों को पारितोषिक जनपद शिक्षा केंद्र के बीआरसीसी दिनेश हनुमते द्वारा प्रदान किया गया प्रतियोगिता में माध्यमिक शाला के शिक्षक बेनी राम बिसेन, परसराम देशमुख, बीएसी जयंत उइके, रक्षानंद झा, सीएसी संतोष कुमार राय, जनपद शिक्षा केंद्र से एमआरसी, राजवंश देशमुख, सुनील बागड़े एवं इंदर कंचनवार और ब्लॉक से आए हुए शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### वैक्सिनेशन अभियान की कलेक्टर ने की समीक्षा

**सिवनी।** जिलें में शतप्रतिशत वैक्सीनेशन को लेकर लगातार प्रयास जारी है ।साप्ताहिक लक्ष्य निर्धारित कर वैक्सिनेशन से छूटें हुए व्यक्तियों को सुरक्षा का टीका लगाया जा रहा हैं। कलेक्टर डॉ राहुल हरिदास फटिंग द्वारा भी अभियान की समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिये जा रहें हैं। इसी कड़ी में शनिवार 4 दिसम्बर को कलेक्टर डॉ फटिंग ने वैक्सिनेशन अभियान की समीक्षा की। उन्होंने लक्ष्यानुरूप व्यक्तियों को वैक्सीन के पात्र डोज लगाने के लिए आगमी दिवसों में द्वितीय डोज के लिए पात्र होने वाले व्यक्तियों की ग्रामवार सूची का अवलोकन कर ग्रामवार टीकाकरण केंद्र लगाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने ऐसे सभी व्यक्तियों से संपर्क कर उन्हें उनके द्वितीय डोज डीयू होने की जानकारी देते हुए अनिवार्य रूप से वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित करने के निर्देश सभी अधिकारियों को दिए। उन्होंने सभी बीएमओ को कोविड संक्रमण की रोकथाम के लिए भी सभी संदिग्ध व्यक्तियों के नमूनों की जांच किये जाने तथा पाइपलाइन अवलोकन कर ऑक्सीजन फ्लो आदि की जांच करने के साथ ही मेडिसिन की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

## संभागीय पेंशन सम्मेलन में राज्य शिक्षक संघ होगा शामिल

सिवनी यशभारत



5 दिसंबर को बालाघाट में होने वाले संभागीय पेंशन अधिकार सम्मेलन के लिये राज्य शिक्षक संघ की बैठक हुई ।बैठक में राज्य शिक्षक संघ अध्यक्ष विपनेश जैन, हस्लक्क के प्रांत अध्यक्ष परमानंद डहेरिया,ञ्ञ्ञ्ञ अध्यक्ष चितौड़ सिंह कुशराम,सुनील राय की अध्यक्षता में हुई ।जिसमें सिवनी जिले से लगभग 1000 शिक्षक साथी शामिल होने के लिए तैयार हुये। राज्य शिक्षक संग सिवनी की जारी विज्ञप्ति में गजेंद्र सिंह बघेल ने बताया कि 5 दिसंबर को सिवनी जिले के शिक्षक अध्यक्ष विपनेश जैन के नेतृत्व में सुबह 9 बजे रवाना होंगे। बैठक में राकेश दुबे,सुनील राजपूत,चिंतामन सनोडिया,सुनील तिवारी,ब्रजेश रॉय, विनोद डहेरिया, रामकृष्ण दुबे,नेलम पटेल,नाशिर खान,मुकेश नेमा,संजीव राय, हरीश तिवारी, गुमान बघेल,संजय करहरी,फारुख खान,हीरा लाल सनोडिया, सुनील शुक्ला,नितिन बघेल,संजीव रॉय, यजुवेंद्र बघेल,दिलीप सनोडिया, मुक्ता जैन,समसुंन्निशा खान,आरती पांडे, रश्मि पांडे, शिखा कार्तिकेय, शायरा खुर्शीद, सफीना खान,हेमंत मरावी,कमलेश परिवार, प्रभुदयाल नाग आदि शामिल हुए।

## नगर पालिका की टीम ने 27 आवारा कुत्तों को पकड़कर नगर से 25 किलोमीटर दूर छोड़ा

सिवनी यशभारत



कलेक्टर एवं प्रशासक राहुल हरिदास फटिंग के निर्देशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे ने नगर में घूम आवारा कुत्तों को पकड़ने के लिए टीम गठन किया। एवं कुत्तों को पकडने का अभियान कल दिनाँक दिनांक 03 दिसम्बर 2021 से आरंभ करवाया गया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी के आदेष पर कुत्तो को पकडने वाली टीम ने शहर में घूम-घूम कर अलग-अलग क्षेत्रों से 27 नग कुत्ते पकड़े और इन्हे शहरी सीमा से 20 से 25 किलोमीटर की दूरी में ले जाकर छोड़ा गया। कुत्तों को पकडने का प्रभार नगर पालिका के श्री राजकुमार पवमें, सहायक स्वच्छता प्रभारी एवं आपरेटर शुभम पाठक की निगरानी में सौपा गया है। जिनके के प्रभारी सुमित सनकत व टीम के द्वारा शहर में घूम घूम कर कुत्ते पकड़े जा रहे हैं ।

## राशन सामग्री के परिवहन व वितरण हेतु 37 सेक्टर अधिकृत

**सिवनी यशभारत।** जिला आपूर्ति अधिकारी शैलेश शर्मा द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि कार्यालयीन पत्र क्रमांक / 1686/खाद्य-पीडीएस/2021 सिवनी दिनाँक 25/10/2021 एवं कार्यालयीन पत्र क्रमांक /1807/खाद्य-पीडीएस/2021 सिवनी दिनाँक 22/11/2021 अनुसार प्रेस विज्ञाप्ति जारी कर मुख्यमंत्री राशन आपके द्वार योजना अन्तर्गत सिवनी जिले के 05 आदिवासी विकासखंडों कुरई, छपारा, लखनादौन, घंसौर एवं धनौरा की शासकीय उचित मूल्य दुकान अंतर्गत आश्रित ग्रामों में राशन सामग्री के परिवहन एवं वितरण हेतु 37 सेक्टर बनाये गये है। जिसमे विकासखंड छपारा अंतर्गत सेक्टर भीमगढ़, रामगढ़-ए विकासखंड लखनादौन अंतर्गत सेक्टर = बैगापिपरिया नागनदेवरी एवं विकासखंड कुरई अंतर्गत सेक्टर मोहगाँव ए मोहगाँव बी चक्की खमरिया, खवासा एवं कुरई में एक से अधिक आवेदन पात्र पाये जाने पर अभ्यर्थियों का चयन लॉटरी के माध्यम से दिनाँक 04/12/2021 को चयन समिति के समक्ष कार्यालय कलेक्टर (खाद्य-शाखा) सिवनी में किया गया। विकासखंड छपारा के 04 सेक्टर छपारा-ए, छपारा-बी, चमारी-ए, चमारी-बी, तथा विकासखंड लखनादौन के 04 सेक्टर- आदेगाँव, मढ़ी, गंगई, खुर्सीपार एवं विकासखंड घंसौर अंतर्गत भिलाई के सभी आवेदन पत्र जाँच के दौरान अपात्र पाये जाने के कारण उन्हें निरस्त किया गया है। इन विकासखंडों के उक्त सेक्टरों में पुन: आवेदन आमंत्रित किया जाना है। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी/हितग्राही अनुसूचित जनजाति वर्ग से, सेक्टर के ग्रामों के निवासी 21 से 45 वर्ष आयुवर्ग, कम से कम पाँचवी कक्षा उत्तीर्ण, लाइट मोटर व्हीकल वैध ड्राइविंग लायसेंस धारक, बैंक ऋण प्राप्त करने की पात्रता रखने वाले होना चाहिये।

आवेदक अभ्यर्थी /हितग्राही शासकीय सेवक, पेंशनर, आयकर दाता, निर्वाचित जनप्रतिनिधि नही होना चाहिये। हितग्राहियों द्वारा अपने आवेदन पत्र के साथ उक्त अहर्ताओ से संबंधित प्रमाण पत्र संलग्न किये जायेंगे। साथ ही शासकीय सेवक पेंशनर, आयकर दाता, निर्वाचित जनप्रतिनिधि नही होने संबंधी स्व घोषणा पत्र भी प्रस्तुत करेंगे। छपारा के 04 सेक्टर छपारा-ए, छपारा-बी, चमारी-ए, चमारी-बी, तथा विकासखंड लखनादौन के 04 सेक्टर- आदेगाँव, मढ़ी, गंगई, खुर्सीपार एवं विकासखंड घंसौर अंतर्गत भिलाई हेतु दिनाँक 03/12/2021 से 08/12/2021 तक कार्यालयीन समय मे कार्यालय कलेक्टर खाद्य शाखा सिवनी में उपस्थित होकर आवेदन मय दस्तावेज पुनः प्रस्तुत कर सकते है, जिसके परीक्षण उपरांत पात्र हितग्राहियों का चयन किया जावेंगा। उक्त सेक्टर में सम्मिलित ग्रामों की सूची का अवलोकन जिला खाद्य कार्यालय सिवनी के अतिरिक्त जनपद पंचायत कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर किया जा सकता है, विस्तृत जानकारी के लिए कार्यालयीन समय मे कलेक्टर (खाद्य शाखा) सिवनी में उपस्थित होकर संपर्क किया जा सकता है।

## अमित रेंजर निलंबित, बसंत बरकडे को मिला प्रभार

सिवनी यशभारत

विगत कई महीनों से वन परीक्षेत्र केवलारी में पदस्थ फोरेस्ट आफिसर अमित सोनी द्वारा लापरवाही की शिकायतें क्षेत्रवासियों द्वारा की जा रही थी साथ ही रेंजर अमित सोनी को लेकर भी लगातार शिकायते आती रही हैं। हुगली क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों की हमले होने के बाद भी विभाग द्वारा लापरवाही बढ़ती गई। उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद भी रेंजर अमित सोनी की कार्यप्रणाली नहीं सुधरी जिसकी शिकायत के बाद वन विभाग के द्वारा कर्तव्य के प्रति लापरवाही,व अनुशासनहीनता की कार्यवाही के चलते विगत 25 नवंबर 2021 को निलंबित कर दिया गया था, रिक्त पड़े वन परिक्षेत्र समान्य केवलारी में 3/12/ 2021 को बसंत बरकड़े रेंजर ने पदभार ग्रहण किया है। पूर्व अधिकारियों की निष्क्रिय कार्यप्रणाली के चलते अंत्येष्टि जैसे संवेदनशील कार्यों के लिए जवाबदेही नहीं होने से डिपो में लकड़ी की अनुपलब्धता थी आज नगर में हुयी मृत्यु के लिए अंत्येष्टि की लकड़ी की ना होने पर स्थानीय पत्रकारो ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से दुरभाष पर चर्चा की तो बताया कि डिपो में लकड़ी सुबह नहीं थी।

### श्री सियाराम महोत्सव का आयोजन

सिवनी। जिला मुख्यालय सिवनी में श्री राम सुंदरकांड समिति शुक्रवारी चौक राम मंदिर के द्वारा श्री सियाराम विवाह महोत्सव का आयोजन 5 से 8 दिसंबर के मध्य किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 5 दिसंबर से 7 दिसंबर तक शाम 7 बजे दीपदान एवं प्रसाद वितरण का कार्यक्रम रखा गया है तथा आगामी 8 दिसंबर दिन बुधवार को मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष पंचमी तिथि के दिन शाम 7 बजे श्री सीताराम विवाह, दीपदान, महाआरती की जायेगी तथा प्रसाद वितरण उपरांत भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। इस धार्मिक आयोजन में समस्त श्रृद्धालुओं से उपस्थित हो धर्मलाभ उठाने की अपील आयोजन समिति द्वारा की गई है।

## नगर में चलाया जा रहा स्वच्छता अभियान

### नालों में किया जा रहा कीटनाशक पावडर का छिड़काव

सिवनी यशभारत। नगर पालिका सिवनी के मुख्य नगर पालिका अधिकारी नवनीत पांडे द्वारा नगर में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। आज दिनांक 04 दिसंबर 2021 को नगर पालिका सफाई अमले द्वारा वार्ड नं 02 ओपन जिम व रोड की झड़ाई एवं सिन्धी कलोनी की रोडो का कचरा हाथगाडी से उठवाकर सफाई कार्य करवाया गया। वहीं महाराष्ट्र बैंक से गणेश चौक तक क्रिसोलिक पावडर का छिड़काव कराया गया। डूंडासिवनी में नाला का सफाई कार्य एवं डूंडासिवनी चौंक से मंडला रोड, शुलभ शौचालय तक दोनों तरफ सफाई कराई गई इसके साथ ही तुलसी नगर क्षेत्र में फिनोलिक पाउडर का छिड़काव करवाया है। नाली की सफाई कर चेम्बर साफ कराए गए।



## खरीदी केंद्र यथावत हो, सैकड़ों किसान पहुंचे कलेक्टर के दरवाजे



**सिवनी यशभारत।** ग्राम टिकारी में आमागढ़ सेवा सहकारी समिति द्वारा आमागढ़ में जगह का अभाव होने के कारण ग्राम टिकारी में खरीदी केन्द्र स्थापित किया गया था। जो दिनांक 03/12/2021 को स्थानारित कर आमागढ़ कर दिया गया है, जिससे हम समस्त ग्रामवासियों एवं क्षेत्रवासियों को आपति हैं। क्योंकि वहाँ जगह अभाव होने के कारण रोड पर धान गिरायी जाती है जिससे दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती हैं। जबकि विगत वर्ष टिकारी में धान खरीदी 22500 क्विंटल एवं गेहू की खरीदी 12000 क्विंटल हुई थी, जबकि आमागढ़ में धान की खरीदी 8000 क्विंटल एवं गेहू की खरीदी 8000 क्विंटल हुई थी। ऐसी स्थिति को देखते हुये टिकारी का क्षेत्र बड़ा होने के कारण इसे टिकारी केन्द्र ही होना चाहिये, क्योंकि यहाँ जगह की पर्याप्त व्यास्था है जो करीब 7 एकड़ का रक्या हैंग्रामीणो ने कहा कि हमारी माँग पर दो दिवस में विचार किया जावें वरना हम मजबूर होकर दूसरे कदम उठाने के लिये मजबूर हो जायेंगे। जिस पर संज्ञान में लेते हुए खाद्य अधिकारी शैलेश शर्मा ने गंभीरता पूर्वक किसानों की समस्या सुनते हुए आश्वासन दिया कि आपकी जो मांगे हैं निश्चित ही पूरी की जाएगी।

# टंट्या भील (टंट्या मामा)की पुण्य तिथि मनायी गई डी.पी.चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी में





सिवनी यशभारत

**अन्याय सहते ,सोते हुये, पीडित समाज को जागृत करने का कार्य और ब्रिटिश सरकार व उसकी ज्यादतियों का विरोध करने वाले थे जननायक टंट्या भील जिन्हें समुदाय स्नेह से मामा कहता था उक्ताशय के उदगार डी.पी.चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय के संस्था प्रमुख डॉ.रामकुमार चतुर्वेदी ने व्यक्त किये।**

आज 04दिसंबर 2021 दिन शनिवार को सुबह10 बजे आजादी के अमृत महोत्सव के अन्तर्गत मध्यप्रदेश के जनजातीय जन नायक जिन्हें तत्कालीन ब्रिटिश सरकार द्वारा राबिनहुड की उपमा दी गई श्रद्धेय टंट्या भील (टंट्या मामा)की पुण्य तिथि डी.पी.चतुर्वेदी विधि महाविद्यालय सिवनी मे कोरोना प्रोटोकॉल की गाईडलाईन के साथ मनायी गई।

विधि विभागाध्यक्ष एडवोकेट अखिलेश यादव ने श्रद्धेय टंट्या भील की मूल भावना को दृष्टिगत रखते हुये सभी को उनके व्यक्तित्व व कृतित्व से प्रेरणा लेने की बात रखी ।वरिष्ठ प्राध्यापक श्री निशांत दुबे ने चित्र की नहीं चरित्र की पूजा को महत्वपूर्ण बताते हुए अपनी बात रखी। डॉ महेंद्र नायक ने उनके जीवन परिचय की ओर ध्यान आकर्षित करवाया। प्राध्यापक श्रीमति मिश्रा मैडम ने आज आदीवासी जननायकों की पुण्य तिथि व जयंती सार्वजनिक तोर से मनाये जाने को राजनैतिक आधार बताते हुए विषय पर प्रकाश डाला। पत्रकार श्री संजय जैन संजू ने टंट्या भील को अपनी श्रद्धांजलि व्यक्त करतें हुए उनके बलिदान के प्रसंग पर अपनी बात रखी। विधार्थियों मे अर्चना रैकवार,ब्रम्हान सिंह जंघेला, टंट्या मामा पर स्वरचित कविता वअपने विचार व्यक्त किये ।कार्यक्रम का संचालन आदर्श कहार ने किया ।कार्यक्रम का प्रारंभ माँ सरस्वती, टंट्या भील(मामा) के चित्र के समक्ष अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन व पुष्प अर्पण कर किया गया। आभार प्रदर्शन कार्यालय अधीक्षक एडवोकेट देवीसिंह निर्मलकर ने किया ।कार्यक्रम मे मधुसूदन दुबे ,अतुल कुमार सैयाम, आदर्श कहार, आनंद गौतम ,विकास तिवारी, शरद कुमार परते ,मनीष साठवने विमलेश चंद्रवंशी, ब्रह्मान सिंह जंघेला, अंकित सिंह सनोडिया अभिषेक शर्मा ,सोनम चौहान कांता कुर्वेती, श्वेता बघेल ,राहुल राय, आशीष कोरी, अतुल चौधरी दीपक कुमार यादव, तरुण कुमरे लोकेश ठाकुर, उग्रसेन वरकडे प्राची ठाकुर ,पूर्वी चौरसिया ममता इनवाती ,विकास शर्मा गायत्री चौहान , रजनी परते आशालता मेश्राम, नीति नायक नीलेश उप्रैलिया, नीलम पटेल रोशनी बिसेन, आकाश जायसवाल, रोहन तिवारी, अभिषेक चौरसिया, प्रभाकर वाहने, वीरेंद्र झारिया ,सुमंत रसिक रामअवतार इनवाती,साक्षी ठाकुर ,आदि विधार्थियों की सहभागिता रही।

## लो वोल्टेज की समस्या को लेकर ग्राम सरंडिया के ग्रामीण पहुंचे विद्युत मंडल कार्यालय



छपारा यशभारत

4 दिसंबर को सुबह अपने खेतों में लो वोल्टेज की आ रही समस्या को लेकर ग्राम सरंडिया के ग्रामीण नगर के विद्युत मंडल कार्यालय पहुंचे जहां छपारा विद्युत मंडल पदस्थ ऐई पल्लव स्वर्णकार एवं कनिष्ठ अभियंता अमित सिंह को अपनी समस्या से अवगत कराया जिस पर उक्त अधिकारियों के द्वारा जल्द समस्या का निराकरण हेतु आश्वासन दिया गया। नगर से लगभग 3 किलोमीटर दूर ग्राम सरंडिया के 17 किसान अपने खेतों में लो वोल्टेज की समस्या को लेकर विद्युत मंडल कार्यालय शनिवार को सुबह पहुंचे किसानों के द्वारा बताया गया कि उन्हें 3 दिसंबर से उनका खेतों का कनेक्शन दूसरे ट्रांसफार्मर से किए जाने के चलते वोल्टेज नहीं मिल रहा है साथ ही जिस ट्रांसफार्मर से उनका कनेक्शन जोड़ दिया गया वह 25 केवीए का है और 44 एचपी के कनेक्शन उससे जुड़े हुए हैं जिसके चलते उनके खेतों पर मोटर चालू नहीं हो पा रही है और वह सिंचाई नहीं कर पा रहे हैं जिसे लेकर कार्यालय स्थित अधिकारियों के द्वारा अस्थाई रूप से कनेक्शन ठीक करवा कर वर्तमान में चल रहे सिंचाई के लिए कृषकों का कनेक्शन बड़े ट्रांसफार्मर से करने का आश्वासन दिया गया है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं मुग्धा चंदेल पिता विजय सिंह निवासी आधुनिक कॉलोनी, शहीद वार्ड तहसील व जिला सिवनी (म.प्र.) की निवासी हूं। पूर्व में मेरा नाम गीतिका सिंह तोमर पिता विजय सिंह तोमर था। इसके पश्चात रोशनी लुथरा पिता राकेश कुमार लुथरा हुआ था। अब मेरा परिवर्तित नया नाम मुग्धा चंदेल पिता विजय सिंह हैं। मुझे इस नाम से जाना एवं पहचाना जावे।

पुराना नाम
(गीतिका सिंह तोमर)
(रोशनी लुथरा)

नया नाम
(मुग्धा चंदेल)

### कांग्रेस मनायेगी टंट्या भील की पुण्यतिथि

सिवनी। महान क्रांतिकारी टंट्या भील जी की पुण्यतिथि जिला कांग्रेस कार्यालय सिवनी में 4 दिसम्बर 2021, दिन शनिवार को दोपहर 12 बजे मनायी जायेगी। जिला कांग्रेस प्रभारी महामंत्री ब्रजेशसिंह(लल्लू)बघेल ने कोविड नियमो का पालन करते हुये समस्त कांग्रेस जनों से कार्यक्रम में उपस्थिती हेतु अपील की है।

### टीबी कंफर्म केस पर जानकारी देने वाले को मिलेगी 500 रूपये की प्रोत्साहन राशि

**सिवनी।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वा . अधिकारी डॉ . राजेश श्रीवास्तव ने जानकारी दी की राष्टीय क्षय ( टी.बी. ) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत 2 सप्ताह से अधिक की खांसी , बुखार , भुख न लगना वजन में कमी जैसे लक्षणों वाले मरीजों की खंखार की जांच की जा रही है । साथ ही यह आकर्षक योजना भी लागू की गई है । जो भी आम व्यक्ति ( सरकारी नौकरी वाले व्यक्ति को छोड़कर ) यदि संभावित टीबी मरीज को शासकीय जांच केन्द्र में जांच हेतु लाता हैं । यदि वह व्यक्ति माइक्रोबॉयलाजिकल टीबी कंफर्म केस होता है । तो उस जानकारी देने वाले व्यक्ति को इंफर्मेट स्कीम के तहत 500 रूपये की प्रोत्साहन राशि उसे डीबीटी के माध्यम से प्रदान की जावेगी । साथ ही टीबी मरीज को नि:शुल्क टीबी का उपचार एवं 500 रूपये प्रत्येक माह के हिसाब उपचार के पूर्ण होने तक डीबीटी के माध्यम से प्रदान किया जावेगा । साथ ही मरीज की सुविधानुसार यह भी शासन द्वारा यह भी व्यवस्था की गई है कि टीबी मरीज को दवाईयों के लिये यहाँ - वहा न भटकना पड़े इसके लिये नजदीक के आंगनवाडी कार्यकर्ता / आशाकर्ता के माध्यम से उपचार प्रदान किया जावेगा ।

## डेविस कप-



# मेदवेदेव के दम पर स्वीडन को हरा रूस सेमीफाइनल में

## रूस का सामना सेमीफाइनल में जर्मनी से और सर्बिया का क्रोएशिया से होगा

**नई दिल्ली।** दानिल मेदवेदेव ने डेविस कप फाइनल्स में अपना शानदार रिकॉर्ड कायम रखते हुए रूस को सेमीफाइनल में पहुंचा दिया। मेदवेदेव ने मिखाइल यामेर को 6-4, 6-4 से हराकर रूस को क्वार्टर फाइनल में स्वीडन पर 2-0 की बढ़त दिला दी। आंद्रई रूबलेव ने इससे पहले मिखाइल के बड़े भाई एलियास यामेर को 6-2, 5-7, 7-6 से पराजित किया। रूस का सामना सेमीफाइनल में जर्मनी से और सर्बिया का क्रोएशिया से होगा।

## लंच तक भारत 405 रनों से आगे

# कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद एजाज ने अब तक झटके 12 विकेट

**मुंबई।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच मुंबई टेस्ट के तीसरे दिन का खेल शुरू हो गया है। टीम इंडिया का स्कोर दूसरी पारी में 2 विकेट के नुकसान पर 142 रन है और टीम की कुल बढ़त 405 रनों की हो गई है। शुभमन गिल 16 और विराट कोहली 11 रन बनाकर नाबाद हैं। इससे पहले टीम इंडिया को पहली पारी में 325 पर ऑलआउट करने के बाद न्यूजीलैंड मात्र 62 के स्कोर पर सिमट गई थी।



### मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके पुजारा

34वें ओवर की आखिरी गेंद पर चेतेश्वर पुजारा LBW आउट हुए। पुजारा ने रिव्यू लिया और रिप्ले में नजर आया की गेंद स्टंप्स की लाइन में जरूर थी, लेकिन विकेट से काफी ऊपर थी, जिसके चलते पुजारा नॉटआउट रहे। हालांकि वह मिले जीवनदान का फायदा नहीं उठा सके और 47 रन बनाकर एजाज की गेंद पर आउट हुए।

### एजाज के लिए यादगार टेस्ट

इस टेस्ट की दोनों पारियों में भारत के अब तक कुल 12 विकेट गिरे हैं और ये सभी एजाज पटेल के खाते में आए हैं। पहली पारी में सभी 10 विकेट का रिकॉर्ड बनाने वाले एजाज के लिए ये मुकाबला कभी न भुलाने जैसा है।

मयंक ने खेली दमदार पारी

24वां ओवर फेंक रहे टिम साउदी ने तीसरी गेंद पर मयंक अग्रवाल के खिलाफ LBW की अपील, जिसे अंपायर ने आउट करार दिया। मयंक ने बिना देरी किए रिव्यू लिया और रिप्ले में साफ दिखा कि गेंद बैट पर लगने के बाद पैड पर लगी थी। मयंक नॉटआउट रहे। अगले ही ओवर में उन्होंने 89 गेंदों पर अपनी फिफ्टी पूरी की। इसके बाद 28वें ओवर की पहली गेंद पर पुल शॉट खेलने के प्रयास में गेंद मयंक की कोहनी के पास लगी और वह काफी दर्द में भी नजर आए। मयंक ने शानदार बैटिंग करते हुए 62 रनों की पारी खेली। उनका विकेट एजाज पटेल के खाते में आया। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप में ये तीसरा मौका है, जब मयंक एक टेस्ट में कम 200 रन बनाए हो। रोहित शर्मा (2) और कैप्टन कोहली (1) बार ऐसा कर चुके हैं।

### भारत में सबसे कम स्कोर

मैच के दूसरे दिन न्यूजीलैंड पहली पारी में 62 रनों पर ही ऑलआउट हो गई। कीवी टीम का भारत के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में ये सबसे कम स्कोर रहा। इससे पहले साल 2002 में न्यूजीलैंड भारत के खिलाफ 94 पर ऑलआउट हुई थी। इतना ही नहीं किसी भी भारतीय सरजमीं पर भी यह टेस्ट में सबसे कम स्कोर रहा। साल 1987 में टीम इंडिया वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली टेस्ट में 75 पर ऑलआउट हुई थी।

### एजाज का रिकॉर्डतोड़ प्रदर्शन

टीम इंडिया की पहली पारी में एजाज पटेल ने मोहम्मद सिराज (4) को आउट कर अपने 10 विकेट पूरे कर इतिहास रच दिया। एजाज इंग्लैंड के पूर्व गेंदबाज जिम लेकर (1956) और पूर्व भारतीय कप्तान अनिल कुंबले (1999) के बाद एक पारी के सभी 10 विकेट लेने वाले दुनिया के सिर्फ तीसरे बॉलर बने। कीवी टीम को मैच के तीसरे दिन इस गेंदबाज से काफी उम्मीदें होंगी।

मयंक की दमदार पारी

पहले दिन शतक लगाने वाले मयंक अग्रवाल की पारी दूसरे दिन 150 रनों पर खत्म हुई। टेस्ट क्रिकेट में मयंक का ये तीसरा 150 का स्कोर रहा। हालांकि वह अपनी पारी को आगे नहीं बढ़ा सके और एजाज पटेल की अगली ही गेंद पर विकेटकीपर टॉम ब्लंडल को अपना कैच दे बैठे। न्यूजीलैंड की पारी जल्द खत्म होने के कारण मयंक तीसरे दिन भी बल्लेबाजी करने आ गए। वह 38 रन बनाकर बल्लेबाजी कर रहे हैं। तीसरे दिन मयंक एक और बड़ी पारी खेलना चाहेंगे।

# विक्की कौशल और कैटरीना कैफ की शादी का थीम हुआ फिक्स

## जानिये- संगीत और वेडिंग में क्या- क्या होगा खास



बॉलीवुड एक्टर विक्की कौशल और कैटरीना कैफ के शादी में सिर्फ कुछ ही दिन बचे हैं। शादी को लेकर तैयारी काफी शानदार हो रही है। विक्की और कैटरीना अपनी शादी में कोई भी कमी नहीं रहने देना चाहते है, इसके लिए कपल की टीम हर चीज पर काम कर रही है। उनकी शादी से पहले उनके प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन के बारे में छोटी-छोटी बातें भी सुर्खियां बटोर रही है। विक्की कौशल और कैटरीना कैफ 9 दिसंबर को राजस्थान के सिक्स सेंस फोर्ट बरवारा में शादी के बंधन में बंधेंगे। दोनों 5 दिसंबर को जयपुर पहुचेंगे, जहां से वो हेलीकॉप्टर से सीधे वेडिंग वेन्यू जाएंगे. प्री-वेडिंग सेलिब्रेशन 7 दिसंबर को रिसॉर्ट में शुरू होगा. 7 को संगीत, 8 को मेहंदी और 9 को शादी है। कैटरीना कैफ और विक्की कौशल ने अपने संगीत, मेहंदी और शादी के लिए थीम को लेकर खास प्लान बनाया हैं। सूत्रों के मुताबिक मेहंदी की थीम गोल्ड, बेज, आइवरी और व्हाइट होगी. जबकि संगीत के लिए ब्लिंग थीम है। इस फंक्शन में दूल्हा, दुल्हन और बॉलीवुड के कई बड़े सेलेब्स अपना डांस परफॉर्मेंस देने वाले है। विक्की कौशल और कैटरीना कैफ के शादी का थीम भी काफी हटके और अलग हैं, शादी के लिए पेस्टल शार्बट थीम रखा गया है, बता दें कि अभी तक कपल ने अपनी शादी के बारे में एक शब्द भी नहीं कहा है, लेकिन सोशल मीडिया पर हर दिन उनकी शादी को लेकर अपडेट आ रहे है। सवाई माधोपुर जिले के जिला कलेक्टर ने उनकी शादी को कंफर्म कर दिया है। वहीं, मीडिया रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि विक्की कौशल और कैटरीना कैफ राजस्थान जाने से पहले कोर्ट मैरिज करने वाले हैं। इस बीच कैट का एक वीडियो वायरल हुआ था, जिसमें वो अपने दोस्तों के साथ पार्टी करते दिखी थी, ये वीडियो विरल भयानी ने अपने इंस्टाग्राम पर पोस्ट किया था।

# भारतीय ओलंपिक संघ का चुनाव नहीं कराने की खेल मंत्रालय ने की पैरवी

## 10 दिसंबर को दिल्ली हाईकोर्ट में होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** भारतीय ओलंपिक संघ का चुनाव नहीं कराने की खेल मंत्रालय ने भी पैरवी कर दी है। खेल मंत्रालय की ओर से अदालत में दाखिल हलफनामे के बाद दिल्ली हाईकोर्ट ने चुनाव पर रोक जारी रखी है। फैसला 10 दिसंबर को होने वाली सुनवाई में होगा। मंत्रालय के हस्तक्षेप पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति कर सकती है नजरें तिरछी चुनाव पर लगी रोक के खिलाफ आईओए का एक धड़ा सुप्रीम कोर्ट की शरण लेने की तैयारी में है। हालांकि मंत्रालय के इस कदम पर अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति (आईओसी) नजरें तिरछी कर सकती है। आईओसी संविधान के अनुसार कोई भी सरकार उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप नहीं कर सकती है। इसी आधार पर साल 2012 में आईओसी ने आईओए को प्रतिबंधित कर दिया था। भारतीय टीमों को आईओसी के झंडे तले खेलना पड़ा था। स्पोर्ट्स कोड के अनुसार आईओए के संविधान में एक क्लॉज शामिल नहीं होने के चलते मंत्रालय ने अदालत के अंतरिम आदेश के अनुसार चुनावी प्रक्रिया जारी नहीं रखने का हलफनामा अदालत में दाखिल किया है। इसके आधार पर ही अदालत ने चुनाव पर रोक को जारी रखा। अदालत ने चुनाव की सहायक रिटर्निंग ऑफिसर की ओर से जारी कार्यवाही पर भी रोक लगाने को कहा है।



# अहान शेट्टी की फिल्म पहले दिन कर सकती है इतनी कमाई

## क्या तोड़ेगी अंतिम का रिकॉर्ड

बॉलीवुड दिग्गज सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी ने फिल्म तड़प से बॉलीवुड डेब्यू कर लिया है। इस फिल्म में तारा सुतारिया भी लीड रोल में हैं। सोशल मीडिया पर उनका एक्शन और अभिनय दर्शकों का दिल जीत रहा है। उनके लुक को यंगस्टार्स ने पसंद किया है क्योंकि फिल्म पूरी तरह से युवाओं के लिए मानी जा ही है। अब माना जा रहा है फिल्म बॉक्स ऑफिस पर अच्छी ओपनिंग कर सकती है। वीकेंड पर भी कमाल कर सकती है। फिल्म जानकारों के मुताबिक, तड़प पहले दिन 3 से 4 करोड़ का बिजनेस कर सकती है। हालांकि सिनेमाघरों में सलमान खान की फिल्म अंतिम और जॉन अब्राहम की फिल्म सत्यमेव जयते 2 भी लगी हुई है, लेकिन दोनों की रिलीज को 5 दिन बीत चुके हैं. तड़प का बजट 34 करोड़ है, वहीं अंतिम ने पहले दिन 4.50 करोड़ की कमाई की थी। वहीं फिल्म को अच्छे रिव्यूज मिले हैं और अहान की एक्टिंग की तारीफ हो रही है। तड़प एक लड़के की कहानी है, जिसे एक स्थानीय राजनेता की बेटी से प्यार हो जाता है, लेकिन उनके घरवाले उन्हें अलग कर देते हैं। फिल्म उनकी प्रेम कहानी बताती है जो भावनाओं और एक्शन की से भरी है। फिल्म पहले ऑफ में एक सच्चे प्यार करने वाले आशिक की झलक दिखाती है। वहीं दूसरे हॉफ में कई राजों पर से पर्दा उठता हैं। मिलन लुथरिया की फिल्म एक ऐसी प्रेम कहानी है, जो दर्शकों को हैरान कर देगी. इसमें प्यार के कई रंग देखने को मिलेंगे. अहान और तारा इसमें जान डालते नजर आएंगे. फिल्म में दर्शक अंत तक कनेक्टेड रहेंगे। मिलन लुथरिया द्वारा निर्देशित यह एक्शन एंटरटेनर हिट तेलुगु ड्रामा आरएक्स 100 की ऑफिशियल रीमेक है, जिसमें मुख्य भूमिका में कार्तिकेय गुम्माकोंडा थे. निर्माता साजिद नाडियाडवाला ने फिल्म की नाटकीय रिलीज से पहले मुंबई में तड़प के लिए एक भव्य प्रीमियर की मेजबानी की थी. स्टार्स स्क्रीनिंग में सलमान खान, केएल राहुल, आयुष शर्मा, रितेश देशमुख, जेनेलिया देशमुख, खुशी कपूर, अनन्या पांडे, संजय कपूर, हर्षवर्धन कपूर, महीप कपूर और गुलशन ग्रोवर सहित अन्य लोग शामिल हुए थे।

## प्रेमी ने गर्भवती प्रेमिका का कराया अबॉर्शन

# तनाव में युवती ने लगा ली फांसी, वर्षों से चल रहा था प्रेम प्रसंग, प्रेमी गिरफ्तार

**जबलपुर, यशभारत।** कोतवाली के छोटा फुहारा में रहने वाली कॉलेज छात्रा ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव का पीएम कराते हुए जांच पड़ताल की तो हैरान करने वाली जानकारी सामने आई। दरअसल युवती बिन ब्याहे ही गर्भवती हो गई



थी और उसने कुछ दिन बाद ऑबर्सन करा लिया। मामला नवम्बर माह का है।

कोतवाली पुलिस के अनुसार 19 वर्षीय छात्रा मूलत: कुंडम की रहने वाली थी। यहां जबलपुर में छोटा फुहारा में किराए के मकान में रहकर एक निजी कॉलेज में पढ़ाई कर रही थी। इसी बीच उसका दोस्त कुंडम निवासी अंकित पिता प्रमोद तेकाम आता-जाता था। इस दौरान उसने युवती से शारीरिक संबंध बनाए और शादी करने का वायदा किया। इसी बीच युवती गर्भवती हो गई। जिसकी जानकारी प्रेमी को लगी तो उसके होश उड़ गए और उसने ऑबर्सन करा दिया।

### सुसाइड नोट में मिले सुराग

थाना प्रभारी अनिल गुप्ता ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मृतिका के सुसाइड करने के बाद युवती के पास मिले सुसाइड नोट में आरोपी का जिक्र था। युवती ने अपनी पूरी कहानी सुसाइड में लिख छोड़ी थी।

### वायदा से मुकर गया प्रेमी

पुलिस ने बताया कि शारीरिक संबंध बनाने के दौरान जब प्रेमिका गर्भवती हुई तो प्रेमी ने बाद में शादी करने का वायदा किया था। लेकिन जब उसका जी भर गया तो उसने शादी से साफ मना कर दिया। जिसके बाद युवती ने आत्महत्या की थी। पुलिस ने बताया कि युवती के माता-पिता गांव में पेशे से कृषक है और अपनी लाडली को शहर पढ़ाई कर, अपने पैरों में खड़े होने भेजा था। पुलिस ने आरोपी को कुंडम से गिरफ्तार कर लिया है। जिससे पूछताछ जारी है।

## वैक्सीनेशन में लापरवाही

# महिला ने पहला डोज लगवाया, मिल गया दूसरी डोज का प्रमाणपत्र

**जबलपुर, यशभारत।** प्रदेश में चल रहे कोरोना वैक्सीनेशन में फर्जी आंकड़े प्रस्तुत कर, सौ फीसदी वैक्सीनेशन का लक्ष्य प्राप्त करने अधिकारी आमादा है। जिसका एक मामला परसवाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उस समय सामने आया जब राष्ट्रीय विकास संगठन मध्य प्रदेश की प्रदेश अध्यक्ष सेंकेंड डोज का सर्टीफ्क्रेट लेकर, सेंकेंड डोज लगवाने पहुंची। जिसके बाद अधिकारी एक दूसरे का मुंह तांकते रह गए। जिसके बाद लगता है कि दाल में कुछ काला नहीं बल्कि पूरी की पूरी दाल ही काली है। जबलपुर में कोरोना वैक्सीन के लिए टीकाकरण अभियान के तहत टीकाकरण केंद्र में पहुंचने वाले लोगों को खासी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है । जहां कुछ लोगों को पहली डोज लगने के बाद सटिज़्फिकेट दूसरी डोज का भी जारी कर दिया गया है। जिससे टीकाकरण केंद्र में पहुंचकर लोग परेशान होते दिखाई दे रहे हैं । ऐसा ही एक मामला परसवाड़ा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में देखने को मिला, जहां योगिता सक्सेना प्रदेश अध्यक्ष, राष्ट्रीय विकास संगठन मध्य प्रदेश अपनी वैक्सीन की दूसरी डोज लगवाने पहुंची पर उन्हें बड़ी मुश्किल से दूसरी डोज लगाई गई, क्योंकि पहली डोज के बाद ही महिला को कुछ दिन बाद दूसरी डोज की वैक्सीन लगने का सटिज़्फिकेट भी जारी कर दिया गया। जबकि महिला ने दूसरी डोज की वैक्सीन नहीं लगाई थी । महिला का कहना है कि ऐसा केवल उन्हीं के साथ नहीं हुआ, बल्कि उनके जैसे कई लोगों के साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा ऐसा किया गया है। मृत होने के बाद भी जारी हो गया सर्टीफिकेट यहां पहुंची योगिता सक्सेना ने बताया कि सिवनी निवासी उनकी आंटी की वैक्सीन का सैकेंड डोज लगने के बाद मौत हो गयी थी। लेकिन कुछ दिन बात उनका भी वैक्सीन का सेंकेंड डोज का सर्टीफ्क्रेट जारी कर दिया गया। यह धांधली है। कोरोना का टीका लगवाने पहुंची योगिता सक्सेना ने बताया कि 25 अगसत को कोविड का पहला डोज लिया था। मुझे दूसरा डोज 25 नवम्बर को लेना था। लेकिन वह शहर के बाहर थीं, जबकि वैक्सीन का दूसरा डोज नहीं लगने के बाद भी सटीज़्फिक्रेट मिल गया।


दूसरा डोज नहीं लगा और प्रमाण पत्र मिल गया जानकारी देती हुईमहिला

## घायल पहुंचा थाने

# बहन को साथ नहीं भेजा तो भाई ने जीजा को घोंप दिया चाकू

**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट के नर्मदा नगर में बहन को ससुराल भेजने के विवाद में जीजा और साले के बीच हुई तीखी झड़प के दौरान साले ने अपने साथी के साथ मिलकर



जीजा पर चाकू से दनादन वार कर लहूलुहान कर दिया और मौके से फरार हो गया। जिसके बाद पीड़ित जख्मी हालत में थाने पहुंचा। पुलिस ने एफआइआर कर, मामला जाचं में लिया है। जानकारी अनुसार संजय उर्फ अन्नू कोरी 46 वर्ष निवासी नर्मदा नगर ने बताया कि उसकी पत्नी राजश्री कोरी अपने मायके शीतलामाई घमापुर में है। पत्नि को बुलाने अपनी ससुराल शीतलामाई घमापुर गया था, पत्नी नहीं आई। पीड़ित ने बताया कि उसका साला करन ने कह दिया कि बहन को नहीं भेजूंगा। जिसके बाद वह अपने घर वापस आ गया। कुछ देर बाद उसका साला करन अपने साथी निक्की दीवान के साथ आया और जबरदस्ती उसके घर में दोनों घुस आये । उसने विरोध किया तो करन एवं निक्की दीवान ने चाकू से पसली में हमला कर घायल कर दिया।

### गोराबाजार में पलट गई तेज रफ्तार कार

गोराबाजार थाने के पास स्थित शिव शारदा मंदिर के समीप आज रविवार को अलसुबह करीब 3.30 बजे तेज रफ्तार कर डिवाइडर से टकराकर पलट गयी। गनीमत यह रही कि कार में बैठी महिला को गंभीर चोटे नहीं आईं। पुलिस ने मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि दरमियानी रात पेंटीनाका की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार गोराबाजार थाने के पास पलट कर, क्षतिग्रस्त हो गयी। कार के शीशे टूटकर रोड में बिखर गए। मामले की सूचना नाका संचालकों ने पुलिस को दी। पुलिस ने बताया कि कार को तिलहरी निवासी नीलिमा अग्रवाल चला रहीं थीं। जो घटना होने के बाद सकुशल हैं। वहीं, रोड खाली रहने से राहगीरों को भी कोई क्षति नहीं हुई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# RTE एक्ट में बड़ा बदलाव- 12 साल बाद पांचवीं-आठवीं की परीक्षा बोर्ड पैटर्न पर होंगी

जबलपुर, यशभारत। शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद से कक्षा पांचवीं और आठवीं की परीक्षा में से बोर्ड खत्म कर दिया था, क्योंकि कक्षा आठवीं तक किसी को फेल नहीं किया जा सकता था, इस अधिनियम में करीब 12 साल बाद ब ?ा बदलाव किया जा रहा है, जिसके तहत अब कक्षा 5 वीं और 8 वीं की परीक्षा बोर्ड पैर्टन पर होगी ।12 साल के लंबे अंतराल के बाद एक बार फिर पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न से कराने के लिए राज्य शिक्षा केंद्र ने आवश्यक तैयारियां कर ली हैं। निर्णय लेने जल्द ही बैठक होगी ।शिक्षा का अधिकार अधिनियम लागू होने के बाद पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं को समाप्त कर दिया गया था। अधिनियम में किसी भी विद्यार्थी को आठवीं तक फेल नहीं करने की बात कही गई थी। हालांकि शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाए रखने 2017-18 में अधिनियम में संशोधन कर राज्यों को पांचवीं और आठवीं की बोर्ड परीक्षाएं करवाने के अधिकार दिए गए थे ।सत्र 2019-20 में बोर्ड परीक्षाएं शुरू हुई थीं, पर कोरोना के प्रभाव के चलते परीक्षाओं को स्थगित कर दिया गया। 2020 में भी परीक्षाएं नहीं हुईं। अब 2020-21 सत्र की परीक्षाएं बोर्ड पैटर्न पर करवाने के लिए कार्रवाई की जा रही है ।बोर्ड पैटर्न परीक्षा राज्य शिक्षा केंद्र स्तर पर आयोजित होगी ।प्रश्न-पत्र राज्य स्तर से सेट किया जाएगा। कापियों की जांच अन्य स्कूलों के शिक्षक करेंगे ।पहली से आठवीं तक की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं की तैयारियां पूरी हो गई हैं। कोरोना संक्रमण बढने पर बच्चों को प्रश्न पत्र बुकलेट घर पर हल करने की सुविधा दी जाएगी ।आठवीं तक के बच्चों को सामान्यत: सात मासिक परीक्षाओं सहित अर्द्धवार्षिक, वार्षिक परीक्षाएं देना होती हैं। लेट हुए सत्र 2020-21 अर्द्धवार्षिक और वार्षिक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी। वार्षिक परीक्षाएं मार्च 2022 में होंगी।

**पंचायत चुनाव के पहले आयोजित हो सकती है परीक्षाएं**


जबलपुर नैनपुर पैसेंजर को हरी झंडी दिखाकर सांसद ने रवाना किया।

# 75 यात्री लेकर रवाना हुई जबलपुर-नैनपुर पैंसेजर

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर-गोंदिया ब्रॉडगेज पर कोविड के चलते बंद हो गई रेल सेवा आम यात्रियों के लिए आज रविवार 5 दिसंबर से शुरू हो गई। सांसद राकेश सिंह द्वारा हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। ट्रायल ट्रेन में नैनपुर के लिए 75 यात्रियों नें टिकट लेकर यात्रा की। ट्रेन शुरू होने को लेकर स्टेशन में यात्रियों में काफी उत्साह देखने को मिला।**

सांसद राकेश सिंह के प्रयासों से रविवार सुबह 11 बजे इस पैसेंजर ट्रेन को जबलपुर स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर 1-ए से रवाना किया गया। इस कार्यक्रम में वर्चुअल तौर पर केंद्रीय रेल राज्य मंत्री राव साहेब दादाराव पाटिल दानवे भी जुड़े।

## सांसद ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

### जबलपुर जल्द आऊंगा, ट्रेन से विकास को गति मिलेगी

केंद्रीय रेल राज्य मंत्री राव साहेब दादाराव पाटिल दानवे ने वर्चुअल कार्यक्रम में कहा कि जबलपुर-नैनपुर ट्रेन शुरू होने से विकास को गति मिलेगी। कोरोना के कारण ट्रेन का शुभारंभ नहीं हो पा रहा था। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि जबलपुर आने की बहुत इच्छा है जल्दी इस शहर में आकर विकास कार्यों को गति देने का काम किया जाएगा।

### दो पैसेंजर ट्रेनों का शुभारंभ


जबलपुर से नैनपुर और नैनपुर से चिरईडोंगरी पैसेंजर ट्रेन को शुरू की गई। जबलपुर-नैनपुर पैसेंजर ट्रेन 05705 को सांसद राकेश सिंह जबलपुर स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। वहीं नैनपुर-चिरईडोंगरी पैसेंजर ट्रेन 05711 को केन्द्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री, फग्गन सिंह कुलस्ते नैनपुर स्टेशन से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

### दोनों ट्रेनों को लेकर स्थानीय लोगों में उत्साह

दोनों ट्रेनों को फूलों से सजाया गया है। ढोल-नगाड़ों के बीच ट्रेनों का शुभारंभ कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पश्चिम मध्य रेलवे के जीएम सहित रेल मंडल के डीआरएम व अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

**फोटो- बबलू**

# आबकारी ने जब गड्ढों में डाल दी 20 ड्रम कच्ची शराब


आबकारी की टीम द्वारा कच्ची शराब को नष्ट किया गया

जबलपुर, यशभारत। भेड़ाघाट के छतरपुर, सिलुआ में लोग उस समय हैरान हो गए जब आबकारी की टीम ने दबिश देते हुए 20 ड्रम कच्ची दारु और महुआ को गड्ढों में भर दिया। आबकारी की इस कार्रवाई को लेकर खूब चर्चाएं हुई। लोगों ने सराहना की। आबकारी पुलिस को सूचना मिली कि छतरपुर और सिलुआ के नर्मदा तटों पर काफी समय से कच्ची शराब बनाने का गोरख धंधा किया जा रहा है। इस कारोबार में ग्रामीणों सहित शहर के कुछ तस्कर शामिल है। जो गिरोह बनाकर कच्ची शराब का निर्माण कर, गांव-गावं व मोहल्ले-मोहल्ले बेंच रहे है। सूचना के आधार पर जब आबकारी की टीम ने दोनों नर्मदा तटों पर दबिश दी तो 20 ड्रम महुआ लाहन और कच्ची शराब बरामद हुई। भारी मात्रा में कच्ची शराब बनाने की पकड़ी गई सामग्री आबकारी टीम जब अपने साथ लाने में असमर्थ हुई तब पूरी सामग्री को जमीन में दफन कर दिया गया।

**छतरपुर सिलुआ में दबिश**

# प्रेम में फांसकर युवती से किया रिश्तेदार ने बलात्कार

**जबलपुर, यशभारत।** ओमती के गढ़ा में एक युवती ने बलात्कार का मामला दर्ज करवाया है। युवती का आरोप है कि उसके रिश्तेदार ने प्रेम में फांसकर संबंध बनाए और अब शादी करने से मुकर रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने बताया कि गढ़ा में रहने वाली 24 वर्षीय युवती की करीब 5-6 साल पहले अपने एक रिश्तेदार युवक से मिली थी। बाद में युवक ने एक शादी समारोह में मौका देखकर युवती से प्रेम का इजहार कर दिया। पुलिस ने बताया कि थाने पहुंची पीड़ित ने जानकारी दी कि आरोपी युवक जबलपुर से बाहर का है और प्रेम का इजहार करने के बाद युवक बार-बार जबलपुर आता रहा और सच्चे प्रेम का हवाला देकर संबंध बनाने के लिए मजबूर करता रहा। जब युवती ने इसका विरोध किया तो उसने शादी करने का झांसा दिया और उसके बाद बार-बार संबंध बनाता रहा।

### किसी और से कर लो विवाह

पुलिस ने बताया कि पांच-छ: वर्षों से चल रहे प्रेम प्रसंग में उस समय दरार आ गयी जब प्रेमी ने शादी करने की बात से इंकार करते हुए प्रेमिका से कह दिया कि अब वह किसी और से शादी कर ले। जिसके बाद पीड़िता ने थाने पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है। आरोपी बाहर का बताया जा रहा है। जिसके चलते पुलिस सरगर्मी से युवक की तलाश में जुटी है।

# नशे में धुत युवक की चली गई जान

जबलपुर,यशभारत। बेलबाग के पांडे अस्पताल के समीप उस समय हड़कंप मच गया जब एक युवक दारु पीते-पीते नशे में धुत्त होकर, नाले में लुढ़क गया। युवक को नाले में गिरता देख आसपास के लोग उसे बचाने दौड़े, लेकिन जब तक बहुत देर हो चुकी थी। जब उसे बाहर निकाला गया तो उसने दम तोड़ दिया था । पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को पीएम के लिए भेजते हुए मृतक के परिजनों को सूचना दी।

# नेशनल लोक अदालत 11 दिसंबर को सिहोरा, पाटन में

जबलपुर, यशभारत। एक बार फिर हो जाईए तैयार, साल की आखिरी नेशनल लोक अदालत शनिवार 11 दिसंबर को सिहोरा, पाटन में आयोजित होगी। अदालत में वर्षों से चले आ रहे लंबित प्रकरणों का निपटारा, समझौते के माध्यम से होगा। जिला विधिक सेवा प्राधीकरण द्वारा राष्ट्रीय विधि अध्यक्ष नवीन कुमार के मार्गदर्शन में शनिवार को आयोजित हो रही नेशनल लोक अदालत के लिए 69 खंडपीठों का गठन किया गया है। जहां पर बैंक, सड़क दुघज़्टना, राजस्व सहित तमाम उन केसों की सुनवाई होगी, जिसका निपटारा नहीं हो पा रहा था।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा एन.एम. पब्लिकेशन प्रा.लि. उखरी चौक जबलपुर से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन ( 0761 ) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085।
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/19-21 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )